

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 143

ग्वालियर, मंगलवार, 13 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## वन-टू-वन

### कांग्रेस को छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं शत्रुघ्न सिन्हा

**पटना (ए)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शत्रुघ्न सिन्हा जल्द ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। शत्रुघ्न सिन्हा के नजदीकी सूत्रों ने यह जानकारी दी है। यद्यपि, शत्रुघ्न सिन्हा ने हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में हिन्दी में एक ट्वीट किया था, जिसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि उनकी फिर भाजपा में वापसी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक उनका झुकाव तृणमूल कांग्रेस की ओर अधिक है, जिसने हाल में बंगाल विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से राज्य की सत्ता में लगातार तीसरी बार पुनर्वापसी की है। ममता बनर्जी को 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी माना जा रहा है। शत्रुघ्न सिन्हा से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति संभावनाएं तलाशने की एक कला है। कोलकाता में तृणमूल नेताओं के एक समूह का कहना है कि वह इस संबंध में सिन्हा से बातचीत कर रहे हैं और बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शत्रुघ्न सिन्हा के संबंध सीएम और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ हमेशा से ही बेहतर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार शत्रुघ्न सिन्हा के 21 जुलाई को 'शहीद दिवस' कार्यक्रम में तृणमूल में शामिल होने की संभावना है। शत्रुघ्न सिन्हा ने हाल में संपन्न बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान ममता बनर्जी को असली रॉयल बंगाल टाइगर बताया था। पटना साहिब लोकसभा सीट से दो बार के भाजपा सांसद रह चुके सिन्हा कांग्रेस में शामिल हो गए थे और 2019 के लोकसभा चुनाव में उसी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतरे थे, लेकिन पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### जम्मू-कश्मीर को को लूटने के लिए हटाई गई धारा 370 और 35 ए : महबूबा

**श्रीनगर (ए)।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर धारा 370 और 35 ए को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि धारा 370, 35 (ए) और परिसीमन कानून किसी विदेशी देश द्वारा हमें नहीं दिए गए थे। इससे पहले कि राष्ट्र हमें ये देता, महाराजा इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा के लिए लाए थे। महबूबा ने कहा कि जब लोगों ने भारत का हिस्सा बनने का फैसला किया, तो उन्होंने कहा कि हमारे पास यह कानून है जिसे बरकरार रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन पूरे देश में 2026 में हो रहा है, तो यहां क्या जल्दी है। पीएम मोदी 20 मिनट पार्टी से मिले तो क्या 20 मिनट में फैसला हो सकता है? महबूबा ने कहा धारा 270 निरस्त होने के बाद लगता है कि इसके पीछे एकमात्र मकसद जम्मू-कश्मीर को लूटना था।

### सीएम योगी के कोविड प्रबंधन की आस्ट्रेलियाई सांसद ने की तारीफ

**नई दिल्ली (ए)।** उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मॉडल की तारीफ देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी हो रही है। ऑस्ट्रेलियाई सांसद क्रेग केली उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए गए कोरोना नियंत्रण के प्रयासों से बहुत प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर को नियंत्रित करने के लिए आइवरमैक्टिन के उपयोग को लेकर क्रेग केली ने सीएम योगी आदित्यनाथ की तारीफ की है। उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण के हल्के लक्षणों वाले मरीजों में वायरल लोड कम करने के लिए आइवरमैक्टिन दवा का इस्तेमाल किया जाता है। क्रेग ने अपने ट्वीट में लिखा, भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश, क्या कोई तरीका है जिससे चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ को हम यहां ले आएं ताकि हमारे यहां आइवरमैक्टिन की समस्या को खत्म किया जा सके। क्रेग का यह ट्वीट बहुत पसंद किया जा रहा है और 10 जुलाई से लेकर अब तक इसे लगभग साढ़े 3 हजार बार रिट्वीट किया जा चुका है।

# कांगड़ा जिले में भारी बारिश का कहर

## दो लोगों की मौत और 12 लापता, वोह घाटी में छह घर बहे





**शाहपुर (कांगड़ा)**

हिमाचल प्रदेश में रविवार रात और सोमवार सुबह हुई भारी बारिश ने कई जिलों में जमकर तबाही मचाई। कांगड़ा के शाहपुर की वोह घाटी में छह घर बह गए, एक महिला का शव मिल गया है, 11 लोग अभी लापता हैं। वहीं पानी के तेज बहाव में नगरोटा बगवां में 10 साल की लड़की बह गई। उसकी तलाश जारी है। सोमवार सुबह मांझी खड्ड के तेज बहाव में धर्मशाला के पास पासू में खड्ड किनारे बसे प्रवासी मजदूरों की झोंपड़ियां भी पानी के तेज बहाव में बह गईं। तेज बहाव में कई क्षेत्रों में लोगों की जमीनें तक बह गईं। विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की बोह घाटी में बाढ़ आने की वजह से पहाड़ी से मलबा गिर गया। इस मलबे में छह घर दब गए। घरों में रहने वाली एक महिला की मौत हो गई। इस महिला का शव बरामद कर लिया गया है। हादसे में करीब 12 लोग लापता बताए जा रहे हैं। कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बोह घाटी में एक पशु चिकित्सालय भी मलबे में दब गया।

नगरोटा बगवां तहसील के तहत ग्राम पंचायत कीर चंबा के सुरजीत धीमान की 11 वर्षीय बेटी नेहा चोर नाले में बह गई। पुलिस और होम गार्ड के जवानों ने नेहा की काफी तलाश की, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। पर्यटन स्थल धर्मशाला के पास भागसूनाग में एक नाला बंद होने की वजह से पानी सड़क पर आ गया। पानी के तेज बहाव में एक पार्किंग और सड़क पर खड़ी दर्जन भर कारें नाले के पानी में बह गईं। करीब 11 बाइकें भी पानी के तेज बहाव में बह गईं।

इसके अलावा उपमंडल धर्मशाला के तहत चैतड़ू में दो दुकानों और चार मकान मांझी खड्ड के तेज बहाव में बह गए। मनेढ़ और चैतड़ू में खड्ड किनारे प्रवासी मजदूरों की झोंपड़ियां भी पानी के तेज बहाव में बह गईं। कई प्रवासी मजदूर बेघर हुए हैं। मनेढ़ में ही दो कारें और शीला गांव में मांझी खड्ड के तेज बहाव में दो बाइकें भी पानी में बह गईं। इसके अलावा पठानकोट-मंडी एनएच पर राजोल में बना पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके चलते वाहनों को वाया धर्मशाला भेजा गया। पालमपुर के नगरी के पास पेड़ गिरने से हाईवे सुबह कुछ घंटों के लिए बंद रहा। भूस्खलन होने से दोपहर तीन बजे सकोह गांव के पास सकोह-धर्मशाला हाईवे कुछ घंटों के लिए बंद हो गया। कांगड़ा के गगल में बिजली के करीब 6 पोल गिर गए जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया।

### केंद्र ने भेजी एनडीआरएफ की टीमें, शाह ने ट्वीट कर दी जानकारी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश से आई प्राकृतिक आपदा के संबंध में मैंने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से बात की है। राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ की टीमें शीघ्र वहां पहुंच रही हैं। गृह मंत्रालय स्थिति को निरंतर मॉनिटर कर रहा है। केंद्र की ओर से हिमाचल को हर संभव मदद दी जाएगी।

## जूही चावला 5जी मामले में नया मोड़

**नई दिल्ली(ए)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जूही चावला की दिल्ली हाईकोर्ट में 5जी नेटवर्क के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट के जज जस्टिस संजीव नरूला ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने जूही चावला और अन्य के व्यवहार को स्तब्ध करने वाला बताया था। उल्लेखनीय है कि जूही चावला की 5जी तकनीक रोलआउट के खिलाफ हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। इसके साथ ही जूही चावला पर 20 लाख रुपये का जुर्माना भी ठोका था। कोर्ट फीस के अंतर को एक हफ्ते के अंदर जमा करने का आदेश भी दिया था। कोर्ट फीस की वापसी और 20 लाख रुपये के जुर्माने के खिलाफ दायर की गई याचिका पर जस्टिस जेआर मिड्ढा ने कहा, कोर्ट ने बेहद उदार रवैया अपनाते हुए जूही चावला पर कोर्ट की अवमानना का मामला नहीं दायर किया। अन्यथा केस बनता था। मैं याचिकाकर्ताओं का व्यवहार देखकर स्तब्ध हूं। गौरतलब है कि जूही चावला का इस विषय पर कहना है कि यदि दूरसंचार उद्योग की योजनाएं पूरी होती हैं, तो पृथ्वी पर कोई भी व्यक्ति, कोई जानवर, कोई पक्षी, कोई कीट और कोई भी पौधा इसके प्रभाव से नहीं बच सकेगा। उन्होंने कहा कि इन 5जी योजनाओं से मनुष्यों पर गंभीर, अपरिवर्तनीय प्रभाव और पृथ्वी के सभी पारिस्थितिक तंत्रों को स्थायी नुकसान पहुंचने का खतरा है।

# नेपाल: सुप्रीम कोर्ट ने शेर बहादुर देउबा को पीएम बनाने का दिया आदेश, आज लेंगे पद की शपथ

**काठमांडू**

नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भंग प्रतिनिधि सभा को करीब पांच महीने में दूसरी बार बहाल करते हुए प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को बड़ा झटका दिया है, जो सदन में विश्वास मत हारने के बाद अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। साथ ही नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाए। पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टाराई के अनुसार देउबा कल यानी मंगलवार को पीएम पद की शपथ लेंगे। फिलहाल मंत्रियों के पोर्टफोलियो को लेकर चर्चा चल रही है।



नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा की सिफारिश पर राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने पांच महीने में दूसरी बार संसद के निचले सदन को भंग कर मध्यावधि चुनाव कराने का एलान किया था। बिद्या देवी भंडारी के इस फैसल के विरोध में 30 अधिक याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थीं। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सोमवार को राष्ट्रपति बिद्या भंडारी का फैसला पलट दिया। कोर्ट ने संसद को दोबारा बहाल कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सोमवार को यह आदेश भी दिया कि दो दिन के अंदर नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाए।

प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर राणा की अध्यक्षता वाली पीठ ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुनवाई पूरी की थी। पीठ में उच्चतम न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश- दीपक कुमार करकी, मीरा खडका, इश्वर प्रसाद खातीवाड़ा और डॉ.आनंद मोहन भट्टाराई आदि शामिल हैं। राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने प्रधानमंत्री ओली की अनुशंसा पर 275 सदस्यीय निचले सदन को 22 मई को पांच महीने में दूसरी बार भंग कर दिया था और 12 व 19 नवंबर को मध्यावधि चुनाव की घोषणा की थी। चुनावों को लेकर अनिश्चितता के बीच निर्वाचन आयोग ने पिछले हफ्ते मध्यावधि चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की थी।

## जल्द पेट्रोल पंप पर 60-65 रुपए प्रति लिटर में उपलब्ध होगा एथेनॉल: गडकरी



**नागपुर (ए)।** कोरोना काल में पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती कीमतें आम आदमी की परेशानी की वजह बन गई हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का एक बयान सामने आया है। नितिन गडकरी ने कहा जल्द ही हम लोग पेट्रोल पंप पर एथेनॉल की सुविधा देंगे, जो पेट्रोल-डीज़ल से कम दाम पर उपलब्ध होगा। नितिन गडकरी ने कहा कि पेट्रोल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, लोग पेट्रोल की बढ़ रही कीमतों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में हम लोगों को आने वाले दिनों में सुविधा देंगे कि पेट्रोल पंप पर एथेनॉल मिल सके, ताकि उनके पास ऑप्शन उपलब्ध रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा पेट्रोल का दाम अगर 100 रुपए प्रति लीटर से अधिक है, तो एथेनॉल ग्राहक को महज 60-65 रुपए लीटर मिलेगा। ग्रीन फ्यूल से प्रदूषण में कमी भी आएगी। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें बीते लंबे समय से नई उछाल ले रही हैं। सोमवार को भी पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, 12 जुलाई को नई दिल्ली में पेट्रोल का रेट 101.19 प्रति लीटर हो गया है। हालांकि, लंबे समय के बाद डीज़ल की कीमतों में कुछ कमी आई है। डीज़ल 16 पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ है और अब दिल्ली में इसकी कीमत 89.72 रूपए प्रति लीटर हो गई है।

# गोवा में हुई गंदी राजनीति, अब बदलाव चाहता है राज्य : केजरीवाल

**नई दिल्ली(ए)।** आम आदमी पार्टी (आप) गोवा में चुनाव लड़ने का फैसला किया है। गोवा की यात्रा से एक दिन पहले आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि तटीय राज्य में गंदी राजनीति बहुत हो चुकी है और अब वह बदलाव चाहता है। आप नेता मंगलवार को राज्य की यात्रा करेंगे, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। केजरीवाल ने ट्वीट किया, विधायकों की खरीद-फरोख्त करने वाली पार्टियां काफी हैं। काफी गंदी राजनीति हो चुकी है। गोवा विकास



चाहता है। कोष की कोई कमी नहीं है, सिर्फ ईमानदार नीयत की कमी है। गोवा ईमानदार राजनीति चाहता है। कल आपसे गोवा में मिलते हैं। वहीं आप ने गोवा के उन 10 विधायकों को पाला बदलने के दो साल पूरे होने पर शनिवार को केक भेजा था, जिन्होंने कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ बीजेपी में शामिल हो मतदाताओं की पीठ में छुरा घोंपा। इन विधायकों ने 10 जुलाई, 2019 को भाजपा का दामन थाम लिया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत नीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को 40 सदस्यों वाली विधानसभा में स्पष्ट बहुमत मिल गया था।

दिल्ली के कालकाजी से विधायक आतिशी ने कहा था, हमारे नेता इन विधायकों के पास इस दिन की याद दिलाने के लिए केक लेकर गए। इन्होंने उन मतदाताओं के पीठ में छुरा घोंपने का काम किया जो भाजपा को पसंद नहीं करते थे इसलिए उन्होंने इन्हें कांग्रेस के टिकट पर चुना था।

# 2024 के चुनाव में वोट मांगने आऊंगा तब 5 साल का हिसाब दूंगा: अमित शाह

**गांधीनगर।** गुजरात दौरे के तीसरे और अंतिम दिन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज अपने निर्वाचन क्षेत्र में 26 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया7 इस मौके पर उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि वह अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के प्रत्येक गांव विकास करेंगे इतना ही नहीं अमित शाह ने कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए वोट मांगने आएंगे तब पांच साल के काम का हिसाब पेश करेंगे मैं बनिये का बेटा हूं और हिसाब में कोई गड़बड़ी नहीं होगी तीन दिवसीय दौरे पर आए केन्द्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को गांधीनगर जिले की कलोल



तहसील के आदिपुर गांव में तालाब के नवीनीकरण के लिए शिलान्यास किया इसके अलावा 26 करोड़ रुपए के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया नारदीपुर गांव में लोकार्पण के मौके पर अमित शाह ने कहा कि आज अषाढी दूज को भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों को दर्शन देने नगरचर्या पर निकले हैं मैं भाग्यशाली हूं कि सुबह 4 बजे भगवान जगन्नाथ जी की मंगला आरती करने का अवसर मिला उन्होंने कहा कि जब वह माणसा में थे तब नारदीपुर राखी बंधवाने आते थे नारदीपुर की मूल निवासी भीखीबेन फिलहाल अमेरिका में रहते हैं और उनसे राखी बंधवाने यहां आता था शाह ने कहा कि कोरोना काल सबसे कठिन रहा है खासकर दूसरी लहर ने गुजरात समेत देशभर में कहर बरपाया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए काफी मेहनत की है इसके बावजूद कई लोगों की जान चली गई हालांकि अब कोरोना से किसी की मौत नहीं होने पाए।

# गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का कांग्रेस के प्रदर्शन पर कटाक्ष

**भोपाल।** राजधानी के इंडस्ट्रीयल एरिया में रविवार को हुए बवाल के बाद राजनीति गरम है। कांग्रेस के इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र ने तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि जिनकी उम्र मंदिर की सीढियां चढने की है, वे बैरिकेड्स पर चढ़ रहे हैं। नरोत्तम मिश्र ने सोमवार को यह बयान दिया है। दिग्विजय सिंह रविवार से ही सुर्खियों में हैं। गृहमंत्री ने कहा कि उन्हें बहुत दुख है कि 75 वर्षीय दिग्विजय को इस उम्र में मंदिर की सीढियां चढना चाहिए, लेकिन उन्हें बैरिकेड्स पर चढना पड़ रहा है। मिश्र ने कहा कि ऐसे में सवाल पैदा होता है कि कहां गई एनएसयूआई और कहां गए युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता जो मजबूरी में एक बुजुर्ग को प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। नरोत्तम ने यह भी कहा कि पूरी कांग्रेस दिग्विजय, कमलनाथ, जयवर्धन और नकुल नाथ पर आकर सिमट गई है। बुजुर्गों के नेता दिग्विजय और कमलनाथ, युवाओं के नेता जयवर्धन और नकुल नाथ, बाकी कांग्रेस अनाथ। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन चंद कार्यकर्ताओं को साथ



लेकर किया था। क्योंकि जनता इनके साथ नहीं है। ये अभी तो केवल दर्शन दे रहे हैं। दिखा रहे हैं कि कोरोना के विश्राम के बाद कांग्रेस कुछ कर रही है।

### कांग्रेस लाशों पर राजनीति कर रही

सरकार द्वारा कोरोना से हुई मौतों के आंकड़े छुपाने के आरोपों पर डा. मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कुछ आंकड़े बताए थे। तब उन्होंने कहा था कि वार्ड अध्यक्षों से जानकारी जुटाएंगे। अब कह रहे हैं कि स्थानीय निकाय चुनाव में टिकट उसे देंगे जो कोविड से मरने वालों का आंकड़ा एकत्र करेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### जनपद पंचायत कोलारस में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइज़र भर्ती कैंप आयोजित

शिवपुरी। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व जिला पंचायत शिवपुरी एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आज सोमवार को जनपद पंचायत कोलारस में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती केम्प का आयोजन किया गया। भर्ती कैंप में 101 शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थी ने पंजीयन करवाया जिसमें से एसआईएस इंडिया लिमिटेड नीमच के वरिष्ठ भर्ती अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के मापदंड के अनुसार 16 युवाओं का चयन किया। यह कैंप जनपद पंचायत सीईओ ऑफिसर सिंह गुर्जर एवं आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक तृप्ति राय, विकाखण्ड प्रबंधक संजय सिंह चौहान एवं आशीष चतुर्वेदी, राजकुमार राठौ?, अमित बंसल, रामसुशील आजीविका मिशन टीम के सहयोग एवं उपस्थित मे संपन्न हुआ । इस भर्ती कैम्प में चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी। उम्मीदवारों को 12000 से 15000 का मासिक वेतन दिया जायेगा। सिक्युरिटी स्किल काउन्सिलिंग इंडिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा 13 जुलाई को जनपद पंचायत बदरवास, 14 जुलाई को जनपद पंचायत खनियाधाना, 15 जुलाई को जनपद पंचायत नरवर, 16 जुलाई को जनपद पंचायत पोहरी, 19 जुलाई को जनपद पंचायत पिछोर, 20 जुलाई को आजीविका मिशन कार्यालय टीला रोड करैरा, 21 जुलाई को कोठी नंबर 26 फतेहपुर शिवपुरी में आठ दिवसीय भर्ती केम्प का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता दसवीं पास, उम्र 21 से 37 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं सुरक्षा सुपरवाइजर हेतु 12वीं पास, कंप्यूटर कोर्स, उम्र 21 से 35 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर आवेदन कर सकते है। विकासखंडों में विभिन्न तिथियों में आयोजित कैम्प में उम्मीदवार दसवीं की छायाप्रति, दो फोटो, आधार कार्ड के साथ उपस्थित हों।अभ्यर्थी के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 रुपये होगा।

### ग्रामोद्योग लगाये, स्वरोजगार पाये

शिवपुरीद्ध प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अन्तर्गत वर्ष 2021-22 के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्र के आवेदकों से निषिद्ध सूची में शामिल उद्योगों को छो?कर शेष उद्योग, सेवा क्षेत्र के लिए बैंकों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र के लिए 25 लाख रूपए तक एवं सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख रूपए तक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। जिला पंचायत के प्रबंधक ग्रामोद्योग ने बताया कि योजना के अंतर्गत आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष के अधिक है वह सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, पेनकार्ड, इकाई स्थल का जनसंख्या प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण की मार्कशीट, आधार कार्ड, फोटो, उद्योग से संबंधी प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत कर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना के प्रावधान अनुसार आवेदक को 25 प्रतिशत से 35 प्रतिशत (अधिकतम अनुदान राशि रूपये 8.75 लाख) तक मार्जिन मनी (अनुदान) की पात्रता होगी। उक्त योजना का लाभ https://www.kviconline.gov.in/pmegpeportal/jsp/pmegponline.jsp पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग, जिला पंचायत कार्यालय, पोहरी रोड शिवपुरी में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

### जिले में 138.28 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

शिवपुरीद्ध शिवपुरी जिले में 01 जून 2021 से अभीतक 138.28 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 157.61 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी।

भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी. है। गत वर्ष जिले में कुल 822.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 158 मि.मी., बैरा? में 173 मि.मी., पोहरी में 113 मि.मी., नरवर में 148 मि.मी., करैरा में 148 मि.मी., पिछोर में 98 मि.मी., कोलारस में 161 मि.मी., बदरवास में 114 मि.मी. एवं खनियाधाना में 131 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# प्रत्येक सहरिया आदिवासी परिवार का बीपीएल और आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे: प्रभारी मंत्री सिसौदिया






### जिला योजना समिति की बैठक में दिए निर्देश

**शिवपुरी।** जिले में 500 से अधिक सहरिया ग्राम चिन्हित हैं। प्रत्येक सहरिया आदिवासी परिवार का बीपीएल और आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इसके लिए योजना बनाकर काम शुरू करें। यह निर्देश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बैठक में दिये। मंत्री श्री सिसौदिया को प्रभारी मंत्री बनाए जाने के बाद यह शिवपुरी जिले का पहला भ्रमण था। उन्होंने शिवपुरी भ्रमण के दौरान जिला योजना समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को समय सीमा के साथ गुणवत्ता युक्त कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिसौदिया ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित मनरेगा कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली। गौशाला संचालन, स्वच्छता परिसर, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन आदि की समीक्षा की। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित नल जल योजना और मड़ीखेड़ा प्रोजेक्ट, सीवर प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की। मंत्री सिसौदिया ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान तैयार किए जाएंगे। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें। स्वच्छता परिसर में पानी की व्यवस्था नहीं है वहां व्यवस्था करें।

### गुणवत्ता युक्त कार्य करने के दिए निर्देश

प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि समय सीमा के साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कार्य में अनियमितता करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### हर गरीब को मिले राशन, लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि उचित मूल्य दुकान पर कौन सेल्समैन कितने वर्षों से है। इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। गरीब परिवारों को नियमानुसार राशन का वितरण किया जाए। राशन वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने वाले दुकानदार और फूड इंस्पेक्टर दोनों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। जिसके खिलाफ शिकायत प्राप्त होती है उस दुकानदार को तत्काल हटाए और स्व सहायता समूह को संचालन की जिम्मेदारी सौपें।

### स्कूलों की बाउंड्रीवॉल बनवाने के निर्देश

प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जिन स्कूलों में बाउंड्रीवॉल नहीं है उनमें पक्की बाउंड्रीवॉल बनवाई जाए। इसके अलावा बच्चे अब जमीन पर बैठकर मध्यान्ह भोजन नहीं करेंगे। हर स्कूल में टेबल कुर्सी की व्यवस्था होना चाहिए।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में पोहरी विधायक एवं लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा, कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, करैरा विधायक प्रागीलाल जाटव, जिला अध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक जसवंत जाटव, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, डीएफओ मीना मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ एचपी वर्मा, एडीएम उमेश शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और जिला योजना समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पहली बारिश में सडक पर गिर गया मंत्री जी का निवनिर्मित विकास

शिवपुरी।





पोहरी के छर्च क्षेत्र में 65 लाख की लागत से तीन माह पहले बनकर तैयार विद्युत सब स्टेशन के निर्माण की पहली ही बारिश में पोल खुल गई है। ग्रामीणों के मुताबिक पहली बारिश में ही पांच से अधिक 33 केवी लाइन के खंभे जमींदोज हो गए और 7 से अधिक खंभे तिरछे होने के साथ कई खंभों की स्टेपनी उख? गई हैं। क्षेत्रीय विधायक सुरेश राठखेड़ा ने अपने गृह गांव राठखेड़ा सहित छर्च में विद्युत फीडर लाखों की लागत से स्वीकृत करवाया था। इसमें से छर्च विद्युत फीडर की राठखेड़ा फीडर से छर्च फीडर जाने वाली 33 केवी लाइन के खंभे कमजोर निर्माण होने के कारण बारिश के दौरान एक के बाद एक लाइन सहित जमीदोज हो गए। इससे न केवल खेतों व स?क पर लाइन आ गई बल्कि विद्युत फीडर से गांवों की ओर जाने वाली विद्युत सहित फीडर की सप्लाई बंद हो गई। इससे ग्रामीण विद्युत विहीन हो गए हैं। पहली बारिश से अचानक जमीदोज हुए विद्युत खंभे तार सहित स?क पर आ गए। इनमें करंट न हो इस डर से ग्राम हिनौतिया सहित आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए। हालात ये रहे कि करंट के डर से ग्रामीण सहित अन्य राहगीरों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। ग्रामीणों के अनुसार सूचना के बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारी सहित निर्माण करने वाला विद्युत ठेकेदार कई घंटों तक मौका मुआयना तक करने नहीं पहुंचे।

### पहली बारिश में फीडर लाइन के खंभे गिरने से गुणवत्ता पर सवाल

पोहरी के सब स्टेशन छर्च के लिए बिछाई लाइन के खंभे गिरने और टे? होने से गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। छर्च के राधेश्याम ने बताया है कि कई साल से सब स्टेशन नहीं होने से कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे। लेकिन यह सब स्टेशन बनने लगा तो सोचा कि अब हमें कम वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी और अब विद्युत मोटर आदि सही चलने से उत्पादन आदि अच्छा होगा, लेकिन फीडर निर्माण के बाद शुरू हुई बिजली सप्लाई महज हमें 15 दिन ही मिल सकी कि मानसून की हुई पहली बारिश से ही 10 बिजली के खं जमीदोज होने के साथ 7 खंभे से अधिक तिरछे व कई की स्टेपनी आदि उख? गई है, तो कई खंभों की लाइन टूटकर जमीन पर आ गई है। इससे छर्च के दर्जन भर से अधिक गांवों में सप्लाई ठप हो गई है।

# अवैध मदिरा का सामान जप्त



शिवपुरी। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह के नेतृत्व में श्रीमान जिला आबकारी अधिकारी श्री वीरेंद्र सिंह धाक? जी के निर्देशानुसार अवैध मदिरा निर्माण की सूचना पर सोमवार को वृत् पोहरी प्रभारी सोनाली त्रिवेदी आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा वृत पोहरी में ग्राम ठेवला में दबिश देकर 05 प्रकरण पंजीबद्ध कर कुल 105 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 3800किलो गु? लहान एवम मदिरा निर्माण का सामान जप्त किया गया। एवम 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।उक्त समान की कुल कीमत लगभग 4.5 लाख रु. आंकी गयी। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी सोनाली त्रिवेदी आबकारी उपनिरीक्षक,तीर्थराज भारद्वाज आबकारी उपनिरीक्षक एवं आरक्षक,मुख्य आरक्षक, नगर सैनिक का सराहनीय सहयोग रहा। आबकारी द्वारा अभियान चला कर अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्यवाहियों से अवैध मदिरा का व्यवसाय करने वालो में भय व्याप्त है।

# टूरिज्म डेवलपर शिवपुरी द्वारा सोमवार को पीपल के वृक्षारोपण का शुभारंभ किया



शिवपुरी। सोमवार को शिवपुरी आये प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष राजू बाथम, हरवीर सिंह रघुवंशी,राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा एवं कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी की उपस्थिति में बृक्षारोपण प्रारंभ किया गया जिसमें टूरिज्म डेवलपर शिवपुरी समिति की सदस्य मार्गदर्शिका समीक्षा भार्गव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र डंगवाल मीडिया प्रभारी महामाया शर्मा आकाश राज पुरोहित उपस्थित रहे टूरिज्म डेवलपर शिवपुरी लगातार शिवपुरी के पर्यटन विकास को लेकर काम कर रहा है। इसी क्रम में शिवपुरी को हरा-भरा करने के लक्ष्य को लेकर 100 पीपल के पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया है। जिसका शुभारंभ सोमवार को किया गया इस मुहिम में समिति के सभी सदस्य अग्रसर रूप से कार्यरत है। समिति के अध्यक्ष अमन चौधरी समिति सचिव राहुल शर्मा समिति सहसचिव उपेंद्र शर्मा समिति उपाध्यक्ष वैभव श्रीवास्तव व्यवस्थापक मयंक त्रिपाठी संरक्षक निखिल चौकसे विशेष सलहाकर अभिनव सिरोठिया एवं विशेष सदस्य वेद प्रकाश गौर जी इस मुहिम में लगातार कार्य कर रहे हैं। सोमवार को इस शुभारंभ के अवसर पर इस मुहिम में शिवपुरी के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। जिसके लिए समिति सबकी आभारी है।लोगो से आशा करते हुए कहा कि हम सभी शहर वासी मिलकर अपने शहर को हरा-भरा करेंगे,साथ ही शिवपुरी में पर्यटन व्यवसाय को बढ़ाने में हमें सहयोग मिलेगा जिससे कि हम अपने शहर को रोजगार दिलवा सके एवं अपने शहर को ऊंचाइयों तक पहुंचा सके।

# नगरपालिका के नवनिर्मित विकास की तस्वीरें आयी सामने



**शिवपुरी।** खबर शहर के नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 11 विजयपुरम कॉलोनी की गली नंबर दो की हैं जहाँ नगर पालिका प्रशासन के द्वारा अभी हाल ही में कुछ समय पूर्व स?क निर्माण का कार्य कराया गया था । लेकिन स?क निर्माण कार्य इतना घटिया होने के कारण पहली बारिश में ही नगर पालिका की पोल खुलती साफ नजर आती दिखाई दे रही हैं। रविवार को हुई बारिश के चलते जहाँ लोगो के घरों में पानी भरता हुआ दिखाई दिया स?क निर्माण कार्य के दौरान जो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई उसका सामना कॉलोनी में रहने वाले लोगो को करना प? रहा हैं जो कि स?क निर्माण कार्य के समय ठेकेदारों द्वारा स?क निर्माण कार्य तो किया गया परंतु स?क में ढालान ना होने के कारण बारिश का पानी लोगो के घरों के सामने एकत्रित होता नजर आ रहा हैं साथ ही कॉलोनी में ना तो कोई पानी निकास के लिए नालियों का निर्माण कराया गया ना ही निकास के लिए कोई उपाय नगर पालिका प्रसाशन की अनदेखी के चलते विजयपुरम कॉलोनी की गली नंबर 2 में निवास करने वाले लोगो को बारिश के चलते काफी परेशानियों का सामना करना प?ता हैं।

# जिलेवासी कोरोना को लेकर लापरवाही ना करें- प्रभारी मंत्री सिसौदिया स्वास्थ्य विभाग अपनी तैयारियां दुरुस्त रखे,कोरोना समीक्षा बैठक में दिए निर्देश





शिवपुरीद्ध कोरोना महामारी की दूसरी लहर का प्रकोप हम देख चुके हैं। कोरोना ने कई लोगों को प्रभावित किया। कई लोगों की जान भी गई है ऐसे में कोरोना को लेकर अभी भी लापरवाही नहीं करना है। सभी लोग जागरूक रहें और कोविड अनुकूल व्यवहार अपनायें। यह बात जिले के प्रभारी मंत्रीमहेंद्र सिंह सिसौदिया ने बैठक के दौरान कही। सोमवार को शिवपुरी भ्रमण के दौरान मंत्री श्री सिसौदिया ने जिले में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अपनी तैयारियां दुरुस्त रखे। बच्चों के लिए तैयार किए गए पीडियाट्रिक वार्ड के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि अभी जिले में मेडिकल कॉलेज और जिला चिकित्सालय में 10-10 बिस्तर का वार्ड है इसकी क्षमता को बढ़ाया जाए।

### जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

प्रभारी मंत्री सिसौदिया ने जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और कोविड वार्ड की व्यवस्थाएं देखीं और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए।



# पॉवर ग्रिड कंपनी के इंजीनियरों को गांव वालों ने बनाया बंधक

## खेत पर अवैध टावर लगाने से रोका तो इंजीनियरों ने की मारपीट, किसान कार्रवाई के लिए थाने पहुंचे

### ग्राम मोरोली गांव के खेत में टावर लगाने को लेकर हुआ विवाद खड़ा, दलित किसान के साथ मारपीट व गाली-गलौज, पुलिस ने नहीं की रिपोर्ट दर्ज

भिण्ड। जिले में इन दिनों पावर ग्रिड कंपनी बिजली सप्लाई विस्तार के लिए नए टावर लगा रही है, लेकिन यह कंपनी भिंड में बिना किसी इजाजत के किसी के भी खेत में टावर लगा रही है, खेत में टावर लगा रही कंपनी का किसान के बेटे ने विरोध किया, तो कंपनी ने किसान को जाति सूचक शब्द कहकर मारपीट की, थाने में भी किसान की सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद ग्रामीण थाने में ही धरने पर बैठ गए। पावर ग्रिड कंपनी की तानाशाही पूरे भिंड जिले के किसानों पर हावी है,कंपनी बल पूर्वक किसी भी किसान के खेत में टावर लगा रही हैं, पुलिस में शिकायत के बाद सुनवाई ना होने से पावर ग्रिड कंपनी की गुंडागर्दी बेलगाम हो रही है। ज्ञात हो कि मेहगांव के मोरोली गांव में गांव वालों और पावर ग्रिड कंपनी के इंजीनियर-कर्मचारियों में रविवार शाम विवाद हो गया। पावर ग्रिड कंपनी के कर्मचारी 220 केवी की बिजली लाइन का टावर लगाने पहुंचे थे, जबकि गांव वाले ऐसा नहीं चाहते थे। इसी बात पर दोनों पक्षों में झग?ा हो गया। गांव के एक युवक की मारपीट भी कर दी गई। गांव के लोग एकजुट हो गए। उन्होंने कंपनी के इंजीनियरए सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारियों को बंधक बना लिया। कंपनी के कर्मचारियों ने थाने में शिकायत की है। पावर ग्रिड कंपनी के जूनियर इंजीनियर शिवम अवस्थी और फील्ड ऑफिसर अमित सिंह मेंहगांव थाने पहुंचे। इन दोनों कर्मचारियों ने मोरोली गांव के लोगों के खिलाफआवेदन दिया। बताया कि गांव के लोगों ने साइड पर टावर क्र. 14/1 के बेस का काम कराया जा रहा था, तभी गांव के लोगों ने इंजीनियर विवेक वाजपेयी सुपरवाइजर रहमान व अन्य दो कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इन लोगों के मोबाइल छीन लिए हैं। इस शिकायत पर पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हो गई। इसके बाद जब पुलिस मौके पर पहुंचीए तब सब इधर.उधर होने गए। वहींए गांव के लोग पीड़ित किसान के साथ थाने भी पहुंच गए और इंजीनियरों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते रहे।





### टॉवर लगाने से रोका तो कंपनी के लोगों ने गांव का किसान किशन लाल से की मारपीट

गांव के लोगों के मुताबिक मोरोली गांव के किशन लाल जाटव की मां को देहांत दो रोज पहले हो गया था। परिवार शोकाकुल होने की वजह से खेतों पर नहीं आया। इधर, पावर ग्रिड कंपनी के अफसरों ने खेत के बीचों-बीच टावर खडा करना शुरू कर दिया। यह सूचना पर किशन लाल जाटव, अकेला ही खेत पर चला गया। यहां पावर ग्रिड कंपनी के इंजीनियर, सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारियों ने उसकी मारपीट कर दी। यह घटना की जानकारी गांव वालों को लगी तो वो खेत पर पहुंच गए। इसके बाद सभी ने इंजीनियर व सुपरवाइजर को आने नहीं दिया। खेत पर ही रोक लिया। गांव के कृष्णकांत शुक्ला का कहना है कि गांव के किसान के साथ मारपीट पावर ग्रिड के लोगों ने की है। इसलिए गांव के लोगों में आक्रोश है।

### इंजीनियरों को बनाया बंधक

पावर ग्रिड कंपनी के सहायक प्रबंधकलाइन निर्माण, आनंद कैरा का कहना है कि मुरैना से 220 केवी की लाइन भिंड आ रही है। इसी का टावर खडा किया जा रहा है। मोरोली गांव में कृष्णकांत शुक्ला द्वारा गांव के लोगों को भडकाया गया है। किसी से कोई मारपीट नहीं की गई। टावर का काम किए जाने के दौरान इंजीनियर व अन्य लोगों को बंधक बनाया गया।

### नहीं की एफआईआर, धरने पर बैठे रहे किसान

पॉवर ग्रिड कंपनी के ठेकेदारों ने किसान किशन जाटव के साथ मारपीट और जातिगत टिप्पणी की, जिसकी शिकायत करने मेहगांव थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने भी उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की और थाने से बाहर निकाल कर कंपनी वालों से समझौते की सलाह दे डाली, इससे आहत किसान और अन्य पीड़ित गांव वाले थाने पर पावर ग्रिड कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। यह पहली बार नहीं है जब जिले में बिजली टावर लगाने वाली कंपनी पावर ग्रिड ने किसानों के साथ मारपीट की है, इससे पहले भी कई किसान कंपनी के अनुबंध के नाम पर धोखे का शिकार हो चुके हैं। कंपनी उनके खेतों में जबरन टावर लगा रही हैं, पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई ना होने से पावर ग्रिड कंपनी मनमानी पर उतारू है और किसान न्याय के लिए दर दर भटक रहे हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर हुई एफआईआर के विरोध में जलाया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला



### एफ.आई.आर निरस्त नहीं की तो होगा,बड़ा जन आंदोलन : मान सिंह कुशवाह

भिण्ड। जिले के आमायन तहसील के खंडा रोड स्थान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया क्योंकि गत दिवस राजधानी भोपाल के इंडस्ट्रियल एरिया बी एच ई एल पार्क की जमीन आरएसएस से जुड़ी संस्था को देने के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा विरोध प्रकट किया गया था जिसके एवज में प्रशासन द्वारा सरकार की शह पर हिटलर साह रूप अपनाते हुए वाटर कैनन का उपयोग किया गया तथा विरोध प्रकट करने गए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर एफ आई आर दर्ज की गई जिसके विरोध मे जिला पंचायत सदस्य मान सिंह कुशवाहा व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया दहन करते समय उन्होंने कहा कांग्रेस वह पार्टी है जिसने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों का सामना किया। आज इस तानाशाह सरकार के हिटलर सहा रवैया से कांग्रेस का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है अगर जल्द एफ.आई.आर निरस्त नहीं की गई तो सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एक बड़ा जन आंदोलन करेंगे। इस मौके पर पवन राजोरिया मंडल अध्यक्ष, अमित कुशवाहा जिला सचिव वरिष्ठ नेता, दयाल सिंह बघेल जिला सचिव, पुनू खान मंसूरी मंडल अध्यक्ष, प्रवेंद्र सिंह चौहान सचिव, नरेंद्र जैन ब्लॉक सचिव, गिर्राज कुशवाहा ब्लॉक उपाध्यक्ष, जगत सिंह कुशवाह उपाध्यक्ष, लाखन सिंह कुशवाहा ब्लॉक सचिव, देवेंद्र सिंह कुशवाह, गोलू ओझा, शिव शंकर सिंह राजावत भारौली इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएम हैल्पलाईन प्रकरणों में कलेक्टर ने की शिकायतकर्ताओं से बात

### शिकायतकर्ता से मोबाईल पर बात कर शिकायतों का कर रहे हैं निराकरण




भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने नुन्हाटा निवासी गुड्डी एवं सोनू राजावत की सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत के निराकरण के संवंध में उनसे फोन पर चर्चा की तो सोनू ने बताया की शिकायत का संतुष्टि पूर्ण निराकरण हो गया है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस प्रतिदिन प्रातः 10.30 से 11 बजे विभिन्न विभागों के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों में रैंडम शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत के संवंध में जानकारी प्राप्त कर उसका निराकरण करते है। इस दौरान संवंधित अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार एवं संवंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहते है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आज भिण्ड अनुभाग राजस्व विभाग अंतर्गत भिण्ड ग्रामीण एवं शहरी,उमरी एवं पिपरी तहशील की सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों में हितग्राहियों से स्वयं चर्चा कर शिकायतों का निराकरण किया।

## मंहगाई के विरोध में थाली ताली बजाकर किया युवा कांग्रेस ने विरोध



मेहगांव। जिले की मेहगांव तहसील में सोमवार को युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ढमोले के नेतृत्व में भिंड तिराहा राठौर लॉज पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता एकत्रित हुए। वहां पर मंहगाई के विरोध में सभी कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर महंगाई के खिलाफ विरोध प्रकट किया उसके बाद रैली के रूप में तहसील एसडीएम कार्यालय के लिए निकले कार्यकर्ताओं के हाथों में महंगाई विरोधी तख्तियां एवं थालीताली बजाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे एसडीएम कार्यालय के बाहर नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद शिवराज सिंह चौहान मुर्दाबाद एवं महंगाई के विरोध में नारेबाजी की एवं महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जगदीश शर्मा, धारा सिंह गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार चौधरी, राजेंद्र सिंह नरवरिया, पिछड़ा वर्ग कांग्रेश के जिलाध्यक्ष सुभाष राठौड़, बबलू त्यागी, नरेंद्र मिश्रा, भगवती थापक, कमल दीक्षित, अजमेर सिंह गुर्जर, किशन प्रसाद कटारे, अजय विमल जिला युवा उपाध्यक्ष हफीज खान, भीकम सिंह गुर्जर, राजेश गुर्जर, कुलदीप दीक्षित, मनीष गुर्जर, आशीष भारद्वाज आदि लोग विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने के पहले कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज अधिकारियों को भी मिलेगी

### संचालक एनएचएम ने कलेक्टर्स को लिखा पत्र

भिण्ड ।

संचालक एनएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला ने सभी कलेक्टर्स को भारत शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वाले अधिकारियों को यात्रा पूर्व कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज और प्रमाण-पत्र देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश गत दिवस दिये हैं। पूर्व में शैक्षणिक प्रयोजन के लिये विदेश यात्रा करने वाले छात्र, रोजगार संबंधी प्रयोजन के लिये विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति, टोक्यो ओलंपिक में सम्मिलित होने वाले एथलीट्स, खिलाड़ी, सपोर्ट स्टॉफ को निर्धारित समय अंतराल 84 दिन के पूर्व कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज लगाकर प्रमाण-पत्र देने के निर्देश दिए गए थे। नवीन निर्देशों के अनुसार भारत सरकार के अधिकारियों को विदेशों में अधिकारिक प्रतिबद्धताओं में भाग लेने के लिये जाने वाले अधिकारियों को सम्मिलित किया गया।

## डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में दिया राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन



गोहद। पेट्रोल डीजल और गैस के बढ़ते दामों की लेकर युवक कांग्रेस के द्वारा राजकुमार देशलहरा एवं अवध किशोर उर्फ बंटी गुर्जर के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से बाजार होते हुए तहसील कार्यालय तक साइकिल रैली निकाली गई एवं महंगाई का विरोध करते हुए राज्यपाल के नाम एसडीएम के माध्यम से नायव तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। जिसमें आजकल जो डीजल पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं कोरोना काल में वैसे ही सभी छोटे बड़े व्यापारियों का व्यापार ठप हो गया है ज्यादातर लोग बेरोजगार हो गए आये दिन डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस की कीमतों में निरंतर वृद्धि हो रही है जिससे आम आदमी की हालत खराब हो गई है डीजल पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि से इसका असर छोटे मध्यम वर्गीय परिवारो पर पड रहा है सभी चीजें महंगी हो रही हैं वहीं गैस सिलेंडर जो अब 915 का हो गया है, तेल 170 का आंकड़ा पार कर गया है वर्तमान परिवेश को देखकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जो टैक्स पेट्रोलियम पदार्थों पर लगाया जा रहा है उसे घटाकर डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस की कीमतें कम की जाकर मध्य प्रदेश की जनता को महंगाई से निजात दिलाने के लिए मध्यप्रदेश शासन को कीमतें कम की जाने हेतु आगृह किया गया है जिसमें मुख्य रूप से अवध किशोर उर्फबंटी गुर्जर, शाबू खान, कैलाश माहौर, जावेद पठान, नरोत्तम चौरसिया आदि लोग शामिल रहे।

फोटो नम्बर-10

## ग्राम जोरी (कोतवाल) प्रतापपुरा तालाब पर गढ़ी अतिक्रमण माफियाओं की नजर




### तालाब में मिट्टी भरकर पूरने का किया जा रहा प्रयास

भिण्ड। जिले के अतिक्रमण का दौर इतना हाबी है कि दबंग आम रास्ते, शासकीय जमीन, मंदिर, नाला सहित पाटने लगते हैं। जब इसके खिलाफ को कोई आवाज नहीं उठाता तो दबंग उस खाली पड़ी जमीन पर कब्जा जमा लेते हैं। ऐसा ही जोरी कोतवाली प्रतापपुरा का है जहां अतिक्रमण माफियाओं द्वारा एक तालाब को मिट्टी से पूरने का प्रयास किया जा रहा है। अटेर क्षेत्र के ग्राम जोरी कोतवाल प्रतापपुरा में बना तालाब कई वर्षों पुराना है जब क्षेत्र में सूखा एवं जलस्तर नीचे चले जाने की समस्याएं उत्पन्न होती है तो पक्षी गांव के चरवाहे अपने मवेशी इसी तालाब में पानी पिलाने व नहलाने के लिए लाते हैं। इस तालाब में दबंगों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी डाली जा रही है। जिससे यह अपना अस्तित्व खोता जा रहा है समय रहते इस अतिक्रमण को नहीं रूकवाया गया तो आने वाले समय में गांव एवं आसपास के क्षेत्र का जलस्तर अत्यधिक नीचे चला जायेगा और गांव के लोगों पीने की पानी के लिए दूसरे गांव में जाना पड़ेगा। प्रशासन को चाहिए कि अतिक्रमित हो रहे इस तालाब का सीमांकन कराएं और यदि यहां मिट्टी डाली जा रही है तो उसे प्रशासन की मदद से हटवाएं व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करें।


### तालाब, पोखर और नदियां होते है मुख्य जलस्त्रोत

ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य जलस्त्रोत तालाब होते हैं लगातार सिमटते जा रहे हैं। जहां तालाब हैं, वहां पानी की जगह ऊंची-ऊंची झाड़ियां, गंदगी और अतिक्रमण किए नजर आते हैं। यदि इन तालाबों पर ध्यान देकर अतिक्रमण मुक्त किए जाएं तो यह जल संचयन का मुख्य स्त्रोत हैं। बड़े भूभाग में फैले जोरी कोतवाल प्रतापपुरा तालाब में जल संचयन से चारों ओर हरियाली भी फैलाई जा सकती है। जिले के अधिकतर तालाबों में धूल उड़ रही है या अतिक्रमण अथवा गंदगी के शिकार हैं। यदि जिम्मेदार लोग भागीरथी प्रयास करें तो इन तालाबों में लबालब पानी होने के साथ इनके किनारों पर हरियाली ही हरियाली नजर आएगी। ग्राम जोरी कोतवाल निवासी बताते हैं कि यहां के तालाब व पोखर ही बारिश के पानी को संरक्षित रखते थे। जिससे भूजल स्तर सदैव बना रहता था। पर इन दिनों ज्यादातर तालाबों व पोखरों में खेत व बांध की मिट्टी और कूडा डालकर उसे भर दिया गया है।



## वैक्सीनेशन सेंटरों पर बरती जा रही लापरवाही

### नतीजा एक व्यक्ति को लगा दिए पहले डोज के नाम दो अलग-अलग डोज







भिण्ड। वैक्सीनेशन सेंटरों पर टीकाकरण के लिए बढ़ती भीड़ को देखकर स्वास्थ्य अमला लापरवाही बरतता जा रहा है। जिसका खामियाजा लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। विगत दिनों से जिले के वैक्सीनेशन सेंटरों पर व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतें तो आ ही रही थी लेकिन आज टीम को स्वास्थ्य अमले की लापरवाही भी कमी नजर आयी। यहां एक युवक को पहला टीका कोवैक्सिन (9 जून) का लगा। एक महीने बाद दूसरे डोज के लिए गया तो उसे कोवीशील्ड (8 जुलाई) का डोज दे दिया गया। रिकॉर्ड में इसे भी पहला डोज बता दिया। युवक को यह बात तब पता चली, जब उसके पास कोवैक्सिन (9 जून वाला) का दूसरा डोज लगवाने के लिए अलर्ट मैसेज आया। इसके बाद युवक ने सीएम हेल्पलाइन से लेकर स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से शिकायत की है। अफसर इसमें युवक की ही गलती बता रहे हैं जबकि आधार नंबर दोनों पर एक ही दर्ज है। युवक दंग है कि क्या कम्पलीट वैक्सीनेशन के लिए के लिए तीसरा डोज भी लगेगा, यदि हां तो कौन सा लगवाऊं क्योंकि दोनों बार के प्रमाण पत्रों पर फर्स्ट डोज ही लिख रखा है।

यह मामला जिले के गोहद ब्लॉक के ग्राम भगवासा का है। गांव के धर्मेंद्र शर्मा ने 9 जून को कोरोना वैक्सीनेशन पर पहुंचकर वैक्सीन लगवाई। इस दौरान वैक्सीनेटर राखी वर्मा ने पहला डोज कोवैक्सिन का लगाया। पहला डोज का प्रमाण पत्र भी ऑनलाइन निकालकर दिया गया। इसे बाद दूसरा डोज 7 जुलाई से 21 जुलाई के बीच लगवाने के लिए तारीख दी गई थी। युवक ने पहला डोज गोहद के कन्या विद्यालय में स्थित वैक्सीन सेंटर पर लगवाया था। युवक दूसरा डोज लगवाने इसी सेंटर पर 8 जुलाई को पहुंचा। यहां करीब आधा घंटे कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। वैक्सीनेशन रूम में पहुंचा और यहां मौजूद वैक्सीनेटर से युवक ने कहा कि पहला डोज कोवैक्सिन का लगा था। धर्मेंद्र से आधार नंबर और मोबाइल नंबर पूछा गया और रजिस्ट्रेशन की पर्ची दी गई। यहां कम्प्यूटर पर मौजूद कर्मचारी ने कहा टीका लगवा लो। धर्मेंद्र ने टीका लगवाया। इस दौरान युवक को प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। यहां मौजूद कर्मचारी ने कहा कि एक या दो दिन में प्रमाण पत्र आ जाएगा। इसके दूसरे दिन धर्मेंद्र के पास को वैक्सीन लगवाने का मैसेज आया। तब युवक ने मैसेज पड़ा और ऑनलाइन वैक्सीन लगवाने का ऐप पर पहुंचकर चेक किया तो पाया कि दूसरा डोज कोवीशील्ड का लगा दिया गया। इसके बाद युवक ने अपनी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से की है।

### युवक ने पूछा- अब कोवैक्सिन लगवाऊं या नहीं?

युवक ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से यह सवाल किया गया है कि मेरे साथ वैक्सीन लगवाने को लेकर वैक्सीनेटर सेंटर पर गलती की गई है। दोनों डोज अलग-अलग लगा दिए गए हैं। अब ऐसी हालत में मुझे क्या करना चाहिए? यह सवाल का जवाब देने से स्वास्थ्य विभाग के अफसर भी टालमटोली कर रहे हैं। उचित मार्गदर्शन के बाद ही कुछ कहने की बात बोल रहे हैं।

### स्वास्थ्य पर कोई बुरा प्रभाव नहीं

दोनों डोज अलग-अलग लगने के मामले में रिटायर्ड सीएमएचओ डॉ. विनोद सक्सेना से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि दोनों वैक्सीन एक जैसा काम करती हैं। थोड़ा बहुत अंतर है। अलग-अलग डोज लगने से शरीर पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### अपनी गलती छिपाने के लिए युवक को ही दोषी ठहराया

सीएमएचओ डॉ. अजीत मिश्रा का कहना है कि युवक ने दोनों बार अलग-अलग आईडी प्रूफ और मोबाइल नंबर दिए। इस वजह से पहले कोवैक्सिन और दूसरी बार कोवीशील्ड वैक्सीन लगी। इसमें गलती युवक की ही है। कोवैक्सिन फिर कोवीशील्ड डोज लगने से कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## हिल स्टेशन पर भीड़

*कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच जिस तरह हिल स्टेशन और पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ जमा हो रही है, उससे एक बार फिर गंभीर स्थिति पैदा होने का खतरा मंडराने लगा है। लोग कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर जिस तरह पहाड़ों और पर्यटन स्थलों पर घूमने निकल पड़े हैं उसके पीछे लोगों को लगने लगा है कि अब सब ठीक है। लोग एक-दूसरे की देखादेखी घूमने के लिए घरों से निकल पड़े हैं जबकि ऐसा करना न केवल उन्हें कोरोना संक्रमित कर सकता है बल्कि देश को एक बार फिर उसी स्थिति में ढकेल सकता है जैसा हमने दूसरी लहर के दौरान देखा था। लोगों की इस आदत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक चिंता जता चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार चेतावनी दे रहा है, मगर कोई मानने को तैयार नहीं। कुछ लोगों की मस्ती देश को संकट में डाल सकती है। यह समय हर चीज एक दायरे में रहकर करने का है। कोरोना की दूसरी लहर के कम होते ही लोग भारी संख्या में लोग नैनीताल, मसूरी, शिमला और कुल्लू-मनाली पहुंचने लगे हैं। लोग न केवल भीड़ एकत्र कर रहे हैं बल्कि बिना मास्क के घूम रहे हैं। उत्तराखंड के मसूरी के मशहूर केम्पटी फॉल का वीडियो बीते दिनों वायरल हुआ था, जहां झरने के नीचे सैकड़ों लोग एक साथ नहा रहे थे। इस वीडियो ने केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक को चिंता में डाल दिया। सरकार लोगों को बार-बार एहतियात बरतने की हिदायत दे रही है। महामारी टास्क फोर्स के प्रमुख ने भी फिर से चेतावनी दी है कि कोविड-19 की दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है, और इस मामले में अगर लोग लापरवाही से व्यवहार करना जारी रखते हैं तो विस्फोट हो जाएगा। अभी जब कोरोना का खतरा टला नहीं है लोगों का इस तरह का व्यवहार सबको भारी परेशानी में डाल सकता है। उनके मुताबिक कोरोना के कारण पूरी दुनिया जिस तरह की स्थिति का सामना कर रही है ऐसे में हमें बहुत संयम और धैर्य से काम लेने की जरूरत है और बाहर घूमने के बजाए अपने परिवारवालों के साथ वक्त बिताना ज्यादा अच्छा है। टीकाकरण चलने और केस कम होने से उन्हें कुछ लोगों के इस दावे में दम नजर आता है कि अब कोरोना चला गया है, बाहर खतरा टल गया है, हमें कुछ नहीं होगा। जबकि यही मानना और समझना हमारी सबसे बड़ी गलती है और हम एक बार फिर कोरोना के गंभीर खतरे को आवाज पुकार रहे हैं। अगर कुछ माह पीछे जाएं तो कोरोना को लेकर पहली लहर शांत होने के बाद जनवरी महीने में बंदिशों में छूट दी गई। शादियों और अन्य समारोह होने से लोगों का हुजूम उमड़ा। इससे कोरोना फैल गया और दूसरी लहर में सैकड़ों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसी का हवाला देते हुए केंद्र सरकार ने हिमाचल को अलर्ट किया है। हिमाचल में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही सैलानियों की भीड़ को लेकर प्रदेश सरकार भी चिंतित है। भीड़ पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। प्रदेश सरकार सैलानियों को रोकना भी नहीं चाहती है, यह इसलिए कि पर्यटन कारोबार से लाखों लोग जुड़े हैं।*

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत के बयान पर क्यों मचाता है बवाल !

**अशोक भाटिया**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत ने यह कह कर कि भारत के हिन्दू-मुसलमानों का मूल उद्गम एक ही है और ये एक ही पूर्वजों के वंशज हैं, स्पष्ट कर दिया है कि भारत पर सभी धर्मों के नागरिकों का बराबर का अधिकार है और किसी के भी बीच धर्म के आधार पर भेदभाव की गुंजाइश नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग दूसरे धर्म के अनुयाइयों की हत्या (लिंचिंग) अपने आग्रहों के चलते करते हैं वे हिन्दू नहीं हैं क्योंकि हिन्दुत्व में आतताई बनने की कहीं कोई संभावना ही नहीं है। यह धर्म 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के आदर्श पर इस प्रकार टिका हुआ है कि विरोधी मत के मानने वाले को भी बराबर का सम्मान देता है परन्तु सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सिर्फ पूजा पद्धति बदल जाने से भारतीयता पर कोई अन्तर नहीं पड़ता है। गौर से देखा जाये तो संघ प्रमुख ने भारतीयता के उस राग को ध्वनि दी है जिसमें से हिन्दू-मुस्लिम एकता के स्वर फूटते हैं। बेशक धर्म के आधार पर 1947 में भारत के दो टुकड़े हुए मगर हकीकत यह है कि आज भी पाकिस्तान की मिट्टी में से भारतीयता के बोल ही निकलते हैं जो इसकी क्षेत्रीय व आंचलिक संस्कृति के तारों से झंकृत होती है।

संघ प्रमुख ने जो बात भारतीयों के संबंध में कही है, वह तो पूरी दुनिया के मुल्कों के वाशिंदों पर लागू होती है। हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीयों में जाति, मजहब, पूजा-पद्धति की भिन्नता भले ही हो, लेकिन हब सबके पूर्वज एक ही हैं। क्योंकि हमने और हमारे पूर्वजों ने इसी देश में जन्म लिया था, कहीं बाहर से नहीं आए थे। इसीलिए हम सब एक देश की संतान हैं और सबके पूर्वज एक ही हैं। भागवत के बयान में ऐसा कुछ भी नहीं था जिस पर आपत्ति जताई जाए। बावजूद इसके किसी न किसी बहाने संघ प्रमुख के बयान पर आपत्ति जताई गई और विमर्श को खास दिशा में मोड़ने की कोशिश की गई। इसका मकसद लोगों को गुमराह करना और अपने वोट बैंक को साधने के अलावा और कुछ नहीं नजर आता। संघ प्रमुख के बयान पर इसलिए हो-हल्ला कुछ ज्यादा मच रहा है क्योंकि अगले वर्ष उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब सहित पांच राज्यों में विधान सभा चुनाव होना है, जहां वोटों का ध्रुवीकरण काफी मायने रखता है। समाजवादी पार्टी हो या फिर कांग्रेस-बसपा सभी दलों के प्रमुख मुस्लिम वोट बैंक को अपने पाले में खींचने में लगे हैं।



दरअसल, यूपी विधान सभा चुनाव से पूर्व विपक्ष संघ प्रमुख के बयान के सहारे कुछ वैसा ही माहौल खड़ा करना चाहता है जैसा 2015 के बिहार विधान सभा चुनाव के समय भा के बयान पर आरक्षण को लेकर बनाया गया था। तब विपक्ष के लिए संघ प्रमुख का बयान दलितों-पिछड़ों को उकसाने का मजबूत 'हथियार' बन गया था, जिसके चलते चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। बात यहीं तक सीमित नहीं है, ओवैसी जैसे नेताओं को तो यह भी रास नहीं आ रहा है कि संघ प्रमुख मॉब लिंचिंग की आलोचना करते हुए ऐसा करने वाले हिन्दुओं को लताड़ें। ईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह व बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे लेकर भागवत पर अपना निशाना साधा है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि %%गाजियाबाद में एक कार्यक्रम में भागवत ने जो बयान दिया था, वह %मुंह में राम, बगल में छुरी' जैसा है। लखनऊ में मायावती ने बयान जारी कर कहा कि संघ प्रमुख भागवत ने कहा था कि हिंदू और मुस्लिम दोनों का डीएनए एक ही है, लेकिन उनकी कही बात किसी के गले उतरने वाली नहीं है। संघ, भाजपा व उनकी सरकारों की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है। जातिवाद, सांप्रदायिक व धार्मिक आदि मामलों में ये जो कहते हैं, उसका ठीक उल्टा करते हैं, संघ प्रमुख देश की राजनीति को विभाजनकारी बताकर कोस रहे हैं, जो ठीक नहीं है।%% उन्होंने तंज कसा कि संघ के सहयोग व समर्थन के बिना भाजपा का अस्तित्व कुछ भी नहीं है। फिर भी संघ अपनी कही बातों को भाजपा व उनकी सरकारों पर लागू क्यों नहीं करवा पा रही है। केंद्र, यूपी समेत जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें चल रही हैं, वहां सरकारें संविधान की सही मंशा के मुताबिक चलने की बजाए ज्यादातर संघ के संकीर्ण एजेंडे पर चल रही हैं। जबकि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का कहना था कि यदि संघ प्रमुख अपने विचारों के प्रति ईमानदार हैं तो उन्हें भाजपा में उन लोगों को तत्काल हटाने का निर्देश देना चहिए, जिन्होंने निर्दोष मुसलमानों को प्रताड़ित किया। उधर, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख ओवैसी ने भागवत के बयान के बाद ट्वीट किया और कहा कि लिंचिंग करने वाले अपराधियों को गाय-भैंस में अंतर नहीं मालूम होगा, पर कत्ल करने के लिए जुनैद, अखलाक, पहलू, रकबर, अलीमुद्दीन के नाम काफी थे। यह नफरत हिंदुत्व की देन है।

संघ प्रमुख के बयान पर विरोधी दलों के नेताओं के सुर भले ही बिगड़े हों, लेकिन उन्हें देवबंद का समर्थन मिल रहा है। सरसंघचालक द्वारा भीड़ हिंसा करने वालों को हिंदुत्व विरोधी करार देने वाले बयान का देवबंद के उलेमा ने समर्थन किया है। उलेमा का कहना है कि मोहन भागवत केंद्र और राज्य सरकारों से भीड़ हिंसा पर सख्त कानून बनाने की मांग भी करें। मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान को सराहनीय बताते हुए इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत केंद्र और राज्य सरकारों से यह मांग करें कि भीड़ हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाएं ताकि देश का अमन चैन कायम रह सके। मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने कहा कि आए दिन बेगुनाहों को घेर कर उनको मारा जाता है और कत्लेआम का वीडियो जारी किया जाता है। इन लोगों पर कार्रवाई न होने से ऐसे लोगों के हौसले बुलंद होते हैं। इससे देश में नफरत का माहौल बनता है। मोहन भागवत यदि केंद्र और राज्य सरकार से ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग करें तो सरकार और पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आएगा। इससे इस प्रकार की

## विश्वगुरु भारत में गुरुओं की दुर्दशा ?

**निर्मल रानी**



भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम से जब यह सवाल किया गया कि आप स्वयं को किस उपाधि के साथ संबोधित कराना पसंद करेंगे? वैज्ञानिक,मिसाइल मैन,पूर्व राष्ट्रपति या कुछ और ? इसपर कलाम साहब का उत्तर था कि मैं अपने नाम के साथ केवल प्रोफ़ेसर शब्द लगाना पसंद करूँगा। उनका प्रिय संबोधन प्रोफ़ेसर कलाम था। संत कबीर दास ने अपने अनेक श्लोकों में गुरु की महिमा का बखान कर चुके हैं। कबीर दास के इस प्रसिद्ध श्लोक से प्रत्येक भारतवासी भली भांति परिचित है जिसमें उन्होंने कहा था कि गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरू आपने गोविन्द दियो बताय।। यानी गुरु अर्थात शिक्षक और गोबिंद अर्थात भगवान दोनों ही यदि एक साथ खड़े हों तो पहले किसे प्रणाम करना चाहिए - गुरू को अथवा गोबिन्द को? ऐसी स्थिति में गुरू अर्थात अपने शिक्षक के श्रीचरणों में शीश झुकाना ही उत्तम है जिनके कृपा रूपी प्रसाद से ही भगवान ईश्वर का दर्शन करने का सौभाग्य हासिल हुआ। गुरु के महिमामंडन में संत कबीर व अनेक महापुरुषों ने बहुत कुछ कहा व लिखा है। हमारे देश में प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी स्मृति में शिक्षक दिवस भी मनाया जाता है. क्योंकि डॉ. राधाकृष्णन एक महान शिक्षक होने के साथ-साथ स्वतंत्र भारत के पहले उपराष्ट्रपति तथा दूसरे राष्ट्रपति थे। इस अवसर पर देश में अनेक प्रतिभाशाली शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाता है।

तो क्या वास्तव में हमारे देश में शिक्षक समाज को वही सम्मान प्राप्त है जिसके वे हक़दार हैं ? क्या स्वयं को दुनिया के समक्ष विश्व गुरु के रूप में प्रस्तुत किये जाने वाले देश में गुरुओं की हक़ीक़त उनकी स्थिति व उनका जीवनयापन भी वैसा ही है जैसा उनके महिमामंडन किये जाने के अनुसार होना चाहिए ? प्रोफ़ेसर कलाम तो इस बात के पक्षधर थे कि अध्यापकों को अधिक से अधिक वेतन मिलना चाहिये और ज़्यादा से ज़्यादा शिक्षण का काम उनसे लेना चाहिए ताकि देश यथाशीघ्र साक्षर हो सके। परन्तु अफ़सोस की बात यह है कि आज लगभग पूरे देश में शिक्षकों से बच्चों को पढ़ाई कराने के अलावा भी अनेक प्रकार के काम लिए जाते हैं। उदाहरण के तौर पर पूरे देश के सभी संसदीय,विधान सभा,पंचायत,जिला परिषद् व निगमों व निकायों के चुनावों में शिक्षकों की ही ड्यूटी लगाई जाती है। इन शिक्षकों को चुनाव से एक दिन पूर्व ही मतदान केंद्रों पर पहुंचना होता है। प्रायः इन मतदान केंद्रों पर इन शिक्षकों के सोने-खाने-पीने तक की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होती। इस चुनावी ड्यूटी में एक तरफ़ तो शिक्षकों को परेशानी होती है तो दूसरी ओर बच्चों को पढ़ाई का भी नुक़सान उठाना पड़ता है। क्योंकि अध्यापकों सहित चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को चुनाव पूर्व कई दिन ड्यूटी प्रशिक्षण भी लेना होता है। गोया सरकार की प्राथमिकता में चुनाव पहले और शिक्षकों व बच्चों की चिंता बाद में ?

अभी कुछ दिन पूर्व ही उत्तर प्रदेश में पंचायतों के चुनाव संपन्न हुए। घोर कोरोना काल में हुए इन चुनावों को सरकार टाल भी सकती थी। परन्तु शारीरिक दूरी की कोरोना संबंधी अंतराष्ट्रीय गाइड लाइन को धत्ता बताते हुए यह चुनाव कराए गए। इनमें भी अध्यापकों को ही चुनाव संपन्न कराने का ज़िम्मा सौंपा गया। नतीजतन कथित तौर पर लगभग 800 शिक्षकों को चुनावी ड्यूटी के दौरान कोरोना संक्रमण होने के चलते अपनी जानें गंवानी पड़ीं। परन्तु सरकार मृतक शिक्षकों के आंकड़े कम करके बताने में व्यस्त रही। उन्हें शिक्षक संघ द्वारा माँगा गया मुआवज़ा भी नहीं मिल सका। आज उन मृतक शिक्षकों के आश्रित परिजनों की सुध लेने वाला कोई नहीं। और अब इन दिनों कोविड वैक्सीन लगाने के लिए भी पूरे देश में अध्यापक समाज ही सबसे आगे दिखाई दे रहा है।

भले ही वह स्वयं संक्रमित हो रहा हो परन्तु दूसरों को संक्रमण से बचाने के लिए कार्यरत है। पिछले दिनों समाचार पत्र में प्रकाशित एक चित्र ने तो झकझोर कर रख दिया जिसमें एक शिक्षिका अपने एक कांधे पर वैक्सीन का बॉक्स लटकाए और दूसरे कंधे पर अपने दूधमुंहे बच्चे को संभाले हुए कमर तक पानी में डूबी हुई, एक नदी को पार कर कोविड ड्यूटी पर जा रही थी। शिक्षकों के साथ न्याय की क्या यही तस्वीर है ?

## बगलें झांकते भारत व पाक

**वेदप्रताप वैदिक**

परसों तक ऐसा लग रहा था कि अफगानिस्तान में हमारे राजदूतावास और वाणिज्य दूतावासों को कोई खतरा नहीं है लेकिन हमारा कंधार का दूतावास कल खाली हो गया। लगभग 50 कर्मचारियों और कुछ पुलिसवालों को आनन-फानन जहाज में बिठाकर नई दिल्ली ले जाया गया है। वैसे काबुल, बल्ख और मजारे-शरीफ में हमारे कूटनीतिज्ञ अभी तक टिके हुए हैं लेकिन कोई आश्चर्य नहीं कि वे दूतावास भी तालिबान के घेरे में शीघ्र ही चले जाएं। जो ताज़ा खबरें आ रही हैं उनसे तो ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के उत्तरी और पश्चिमी जिलों में तालिबान का कब्जा बढ़ता जा रहा है। एक खबर यह भी है कि तालिबानी हमले का मुकाबला करने की बजाय लगभग एक हजार अफगान सैनिक ताजिकिस्तान की सीमा में जाकर छिप गए। चीन पहुंचे हुए तालिबान प्रवक्ता ने पेइचिंग में घोषणा की है कि 85 प्रतिशत क्षेत्र पर तालिबान का कब्जा हो चुका है जबकि राष्ट्रपति अशरफ गनी का कहना है कि अफगान फौज और पुलिस तालिबान आतंकवादियों को पीछे खदेड़ती जा रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि अफगानिस्तान के विभिन्न जिलों में रोज लगभग 200 से 600 लोग मारे जा रहे हैं। यह गृह-युद्ध की स्थिति नहीं है तो क्या है ? जो चीन पाकिस्तान का इस्पाती दोस्त है और तालिबान का समर्थक है, वह भी इतना घबराया हुआ है कि उसने अपने लगभग 200 नागरिकों से काबुल खाली करवाया है। चीन इन बुरे हालात का दोष अमेरिका के सिर मढ़ रहा है लेकिन आश्चर्य की बात है कि काबुल में पाकिस्तानी राजदूत मंसूर अहमद खान ने दुनिया के देशों से अपील की है कि वे अफगान फौजों की मदद करें, वरना तालिबानी हमलों के कारण लाखों शरणार्थी दुबारा पाकिस्तान के सीने पर सवार हो जाएंगे। पाकिस्तान के नेता एक तरफ अफगानिस्तान की गनी सरकार को काफी दिलासा दिला रहे हैं और दूसरी तरफ उनका गुप्तचर विभाग और फौज तालिबान के विभिन्न गिरोहों की पीठ थपथपा रहे हैं। तालिबान के इस दावे पर संदेह किया जा सकता है कि 85 प्रतिशत अफगान भूमि पर उनका कब्जा हो गया है लेकिन यह सत्य है कि उन्होंने ईरान की सीमा पर स्थित शहर इस्लाम किला और वाखान क्षेत्र में चीन से जुड़े अफगान इलाकों पर कब्जा कर लिया है। तालिबान नेताओं ने चीनी नेताओं को भरोसा दिलाया है कि वे सिंक्यांग के उइगर मुसलमानों को नहीं भड़काएंगे और उनकी सरकार चीनी आर्थिक सहायता को सहर्ष स्वीकार करेगी। कश्मीर के बारे में वे कह चुके हैं कि वे उसे भारत का आतंरिक मामला मानते हैं। ये बातें सत्ताकामी शक्ति के संयम और संतुलन को बताती हैं लेकिन जिन जिलों पर तालिबान कब्जा कर चुके हैं, उनमें उन्होंने अफगान महिलाओं पर अपने पुराने इस्लामी प्रतिबंध थोप दिए हैं। अफगान गृह-युद्ध का

## प्रकाशस्रोत परमात्मा

परमात्मा या भगवान ही सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्रों जैसी प्रकाशमान वस्तुओं के प्रकाशस्रोत हैं। वैदिक साहित्य बताता है कि वैकुंठ राज्य में सूर्य या चन्द्रमा की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि वहां परमेश्वर का तेज विद्यमान है। भौतिक जगत में ब्रम्हज्योति या भगवान का आध्यात्मिक तेज भौतिक तत्वों से ढका रहता है। अत~ हमें सूर्य, चन्द्र, बिजली आदि के प्रकाश की आवश्यकता पड़ती है। वैदिक साहित्य में स्पष्ट है कि भगवान आध्यात्मिक जगत (वैकुंठ लोक) में स्थित हैं। श्वेतातर उपनिषद में कहा गया है- आदित्यवर्ण तमस~ परस्तात अर्थात वे सूर्य की भांति अत्यन्त तेजोमय हैं, लेकिन भौतिक जगत के अन्धकार से बहुत दूर हैं। उनका ज्ञान दिव्य है। वैदिक साहित्य पुष्टि करता है कि ब्रम्ह घनीभूत दिव्य ज्ञान है। जो वैकुंठ जाने का इच्छुक है, उसे परमेश्वर द्वारा ज्ञान प्रदान किया जाता है। एक वैदिक मंत्र है तं ह देवम आत्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुवै शरणामहं प्रपद्ये। अर्थात मुक्ति के इच्छुक मनुष्य को चाहिए कि वह भगवान की शरण में जाए। जहां तक चरम ज्ञान के लक्ष्य का सम्बन्ध है, वैदिक साहित्य से भी पुष्टि होती है-तमेव विदित्वाति मृत्युमेति यानी उन्हें जान लेने के बाद ही जन्म तथा मृत्यु की परिधि को लांघा जा सकता है। वे प्रत्येक हृदय में परम नियन्ता के रूप में स्थित हैं। परमेश्वर के हाथ-पैर सर्वत्र फैले हैं लेकिन जीवात्मा के विषय में ऐसा नहीं कहा जा सकता। अत~ मानना ही पड़ेगा कि कार्यक्षेत्र जानने वाले दो ज्ञाता हैं- एक जीवात्मा तथा दूसरा परमात्मा। पहले के हाथ-पैर किसी एक स्थान तक सीमित हैं जबकि कृष्ण के हाथ-पैर सर्वत्र फैले हैं। इसकी पुष्टि श्वेतातर उपनिषद में इस प्रकार हुई है। सर्वस्थ प्रभुमीशानं सर्वस्य शरणं बृहत यानी वह परमेश्वर या परमात्मा समस्त जीवों का स्वामी या प्रभु है। वह उन सबका चरम आश्रय है। अत~ इस बात से मना नहीं किया जा सकता कि परमात्मा तथा जीवात्मा भिन्न हैं।

## तबाही का कारण बढ़ती जनसंख्या !

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

आज दिन पर दिन विष्व स्तर पर जनसंख्या बढ़ती जा रही है। जनसंख्या का बढ़ना हर दिषा में विकट समस्या उभरने के साथ - साथ आज की तबाही का भी मुख्य कारण है। कोरोना फैलने एवं। वष्वभर में तबाही मचाने में अपनी भूमिका निभा चुका है। जगह - जगह गंदगी का जमावड़ा एवं नई - नई बीमारियों का आगमन होना बढ़ती जनसंख्या का मुख्य कारण है। बढ़ती जनसंख्या से बेरोजगारी एवं महंगाई की भी समस्या जटिल हो जाती है। विष्व भर में जनसंख्या बढाने के मामलें में चीन देष का नाम सर्वोपरि रहा है पर आज हमारा देष इस मामले में चीन के करीब आ चुका है। अभी हाल ही में कोरोना के मामले को लेकर विष्व स्वास्थ्य संगठन से प्राप्त आकड़े में जहां वर्तमान में चीन की जनसंख्या 1.43 करोड़ है वहीं 1.39 करोड़ की जनसंख्या वाला देष भारत है।ये तो सरकारी आकड़े है जब की वास्तविक जनसंख्या के आकड़े इससे अधिक हीं मिलेंगे। भले कोरोना के मामले में प्रभावित आकड़े भारत में चीन से कई गुणा ज्यादा मामले उभर कर सामने आये।


पोपुलेषन एवं पॉलूषन एक दूसरे के पूरक है। पोपुलेषन बढ़ने से पॉलूषन का बढ़ना स्वाभाविक है। पॉलूषन बढ़ेगा तो तरह तरह की बीमारियां भी पैदा होगी। इस तरह के परिवेष में महाविनाषक महामारी का आना स्वाभाविक है जहां न दाम काम आता है न दुआ। कोरोना काल इस तरह के परिवेष का ताजा उदाहरण है जहां विष्व में अनगिनत मौत हुई। एक से बढ़कर एक चर्चित एवं धनवान लोग इसके षिकार हुये एवं काल के गाल में समा गये। जनसंख्या बढ़ने से हर तरह की मुष्बितों का सामना करना पड़ता है। महामारी आने पर इसके फैलने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है। रहने एवं भोजन की समस्या ज्यादा जटिल हो जाती है। आपसी कलह बढ़ जाते है। हर जगह लापरवाही पग पसारने लग जाती है जिससे दुर्घटना एवं असमय मौत दर बढ़ जाती है। सीमित परिवार को चलाना जितना आसान होता है उससे ज्यादा जछिल हो जाता वृहद परिवार को संभालना। जनयंख्या बढ़ने का ही प्रतिकुल प्रभाव है आज का बढ़ता प्रदुशण एवं विगड़ता वातावरण। कोरोना वायरस को पसरने में भी काफी हद तक मदद की है आज की बढ़ती जनसंख्या।



हमारे देष भारत की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण करने के लिये ही आपात काल में तत्कालीन सरकार ने परिवार योजना षुरू की जिसका तत्कालीन विपक्ष ने जोरदार विरोध किया। इस मुद्दे परचुनाव में तत्कालीन विपक्ष को राजनीतिक लाभ भी मिला एवं देष में सरकार भी बदल गई। बाद में इस जरूरत को आम लोगों ने हित में समझा एव हम दो हमारे दो के नारे को अपने जीवन में ढ़ालने लगे। तभी हमारे देष की आबादी करोड तक पहुंची है वरना यह अरबों में होती। अभी भी देष के मुस्लिम कौम में परिवार नियोजन धार्मिक पहलू बना हुआ है जहां परिवार में सदस्यों की संख्या का बढ़ना बना हुआ है जो हमारे देष की जनसंख्या को प्रभावित करता है।

जनसंख्या का विकास से काफी हद तक जुड़ाव है। जहां जनसंख्या नियंत्रण में है वहां लोगों को आवष्यक चिकित्सा , षिक्षा, रोजगार, आवास, पानी, सहित अन्य सारी आम सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार के लिये आसान होता है। आज जनसंख्या बढ़ने के प्रतिकुल प्रभाव सामने है जहां रहने को घर नहीं अनगिनत रोड एवं झुग्गी झोपड़ियों में अपना समय व्यतीत करते है। अनगिनत कुपोशण एवं इलाज के अभाव में मौत के षिकार हो रहे है। इस तरह का उभरता परिवेष इस बात का साफ संकेत देता है कि बढ़ती जनसंख्या कुपोशण एवं गरीबी का मूल कारण है। यह आतंकवाद , लूट - पाट एवं असमाजिक गतिविधियों को हर पैमाने पर बढ़ावा देता है। विकास की जगह विनाष का प्रमुख कारण आज की बढ़ती जनसंख्या ही है। इस विशय पर गंभीरता से सभी को विचार करना चाहिए एवं इसके सकरात्मक पहलू हम दो हमारे दो के सिधान्त को हर कौम के लोगों को अपने जीवन में उतारकर जनसंख्या नियंत्रित करने की दिषा में आगे बढ़ना चाहिए।

# रिया चक्रवर्ती के बचाव में फिर आईं सोनी राजदान, बोलीं- वह बेगुनाह और साजिश का शिकार हैं



बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के केस में नाम आने के बाद ऐक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को ड्रग्स केस में जेल में लगभग एक महीने रहना पड़ा था। हालांकि बाद में हाई कोर्ट से उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया था। उस समय रिया चक्रवर्ती के सपोर्ट में बहुत से बॉलिवुड सिलेब्स आ गए थे। अब एक बार फिर आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने रिया चक्रवर्ती का सपोर्ट करते हुए उन्हें बेगुनाह बताया है। सोशल मीडिया पर एक यूजर को जवाब देते हुए सोनी राजदान ने रिया के बारे में लिखा, च्उनका जेल जाने से उन लोगों को उजागर कर दिया जिन्होंने उन्हें वहां भेजा और इससे साफ हो गया कि वह बेकसूर थी और साजिश का शिकार हुई थीं। आखिर हम उनके साथ काम क्यों नहीं करेंगे? मुझे लगता है कि वह अच्छा काम करेंगी। खैर, मैं तो यही उम्मीद करती हूं। बता दें कि रिया चक्रवर्ती अब बड़े पर्दे पर अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी के लीड रोल वाली फिल्म च्चेहरेज् में दिखाई देंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन रूमी जाफरी ने किया है और यह इसी साल 2021 में रिलीज होनी है। बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद उनके पिता ने रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार पर कई तरह के संगीन आरोप लगाए थे। हालांकि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अपनी जांच में पाया था कि रिया ने सुशांत के लिए ड्रग्स खरीदे थे। इसी आरोप पर उन्हें जेल भेज दिया गया था। सुशांत सिंह राजपूत के मौत की जांच अभी सीबीआई के हाथ में हैं। एजेंसी अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची हैं और मामले में किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## तब्बू का इंस्टाग्राम अकाउंट हुआ हैक, ऐक्ट्रेस ने फैंस को किया आगाह

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस तब्बू ने अपनी बेहतरीन ऐक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। उनके बहुत अच्छी फैन फॉलोइंग है। तब्बू ने अपने फैंस को आगाह किया है कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया है और



उनकी अनुपस्थिति में कुछ संदिग्ध गतिविधि हुई थी। उन्होंने बताया कि उनके अकाउंट से उनकी जानकारी के बिना प्रमोशनल पोस्ट वायरल हो गया है। प्रमोशनल पोस्ट वायरल होने के बाद तब्बू ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर अपने फैंस को आगाह किया है। तब्बू ने लिखा है, च्हैक अलर्ट। मेरा अकाउंट हैक हो गया है। प्लीज मेरे अकाउंट से आई किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। बॉलिवुड इंडस्ट्री में तब्बू का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होना पहला मामला नहीं है। बी-टाउन के कई सिलेब्स इंस्टाग्राम हैकिंग का शिकार हो चुके हैं। हाल ही में शरद केलकर और अमीषा पटेल का इंस्टाग्राम अकाउंट हुआ था। तब्बू ने अपने करियर की शुरुआत साल 1985 में आई फिल्म हम नौजवान से की थी। जिसमें उन्होंने बतौर चाइल्ड ऐक्ट्रेस काम किया था। तब्बू आखिरी बार फिल्म जवानी जानेमन में नजर आई थीं। वह अब भूल भुलैया 2 में काम करती दिखाई देंगी।

## चंकी पांडे और भावना की शादी को हुए 23 साल, वेडिंग ऐनिवर्सरी पर कपल ने शेयर कीं पुरानी तस्वीरें

बॉलिवुड ऐक्टर चंकी पांडे और उनकी पत्नी भावना पांडे रविवार को अपनी शादी की 23वीं सालगिरह मना रहे हैं। वेडिंग ऐनिवर्सरी की मौके पर चंकी पांडे और भावना पांडे ने सोशल मीडिया थ्रोबैक तस्वीरें शेयर कर एक-दूसरे को विश किया है। वही, दोनों को बॉलिवुड सिलेब्स ने शादी सालगिरह की बधाई दी है। चंकी पांडे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पत्नी भावना के



साथ तीन पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, मेरे दिल की रानी को शादी की सालगिरह मुबारक हो। 23 साल और ऐसे ही गिनती रहो। भावना पांडे ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पति चंकी पांडे के साथ चार पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, च्शादी की सालगिरह मुबारक हो पतिदेव और मेरे सबसे अच्छे दोस्त। भावना पांडे ने लॉफिंग इमोजी बनाते हुए लिखा, च्इतना अच्छा होने के बाद भी हम आज एक साथ नहीं हैं। चंकी पांडे ने अपने बॉलिवुड करियर की शुरुआत साल 1987 में आई फिल्म आग ही आग से की थी। फिल्म में उनके साथ ऐक्ट्रेस नीलम कोठारी नजर आई थीं। बताते चलें कि चंकी पांडे और भावना पांडे की दो बेटियां अनन्या पांडे और रिसा पांडे हैं।

# सोनाल चौहान करना चाहतीं हैं 2 बार शादी, जानें क्या बोलीं हैं जन्नत स्टार



फिल्म जन्नत से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस सोनल चौहान हाल के दिनों में अपनी खूसबसूरत बिकीनी फोटोज के कारण चर्चा में आ गई थीं। सोनल की ये बिकीनी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। अब सोनल ने अपनी शादी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वह 2 बार शादी करना चाहती हैं। लोग पहली बार में सोनल के बयान से ताज्जुब में पड़ रहे हैं। सोनल ने कहा है कि वह नेचर से बहुत प्यार करती हैं और इसलिए वह 2 बार शादी करना चाहती हैं। एक बार वह समुद्र किनारे बीच पर जबकि दूसरी बार पहाड़ों पर शादी रचाना चाहती हैं। हालांकि सोनल ने यह जरूर साफ कर दिया है कि वह अभी किसी के साथ रिलेशनशिप में नहीं हैं और न ही उन्हें अपना मिस्टर राइट अभी तक मिला है। बीच पर अपनी तस्वीरें सामने आने के बाद सोनल ने कहा, हां, मुझे नेचर से प्यार है और यह हमारी जिंदगी में काफी वैल्यू रखती है। मेरे लिए नेचर के बीच रहने से ज्यादा खुश करने वाली कोई बात नहीं होती है। चाहे वह बाहर टहलना हो या पेड़ों के बीच चिड़ियों की चहचहाट सुनना। इसीलिए मैं जल्दी जाग जाती हूं और क्योंकि उस समय काफी खामोशी होती है और आप नेचर की आवाज सुन सकते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनल चौहान ने इमरान हाशमी के ऑपोजिट जन्नत से डेब्यू किया था। इसके बाद सोनल ने कई फिल्मों में काम किया लेकिन कुछ खास सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद सोनल ने साउथ की फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। सोनल पिछली बार हिंदी फिल्म जैक ऐंड दिल में दिखाई दी थीं।

# आग लगा रही हैं मलाइका अरोड़ा की गोवा वकेशन की ये तस्वीरें

बॉलिवुड की सबसे हॉट और स्टाइलिश दीवा मलाइका अरोड़ा नए साल के मौके पर छुट्टियों पर गोवा गई थीं। उनकी गोवा की ट्रिप की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं। हालांकि लगता है कि मलाइका की गोवा की ट्रिप अभी तक खत्म नहीं हुई है और वह अभी भी अपनी इस ट्रिप की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। मलाइका की इन तस्वीरों को काफी पसंद किया जा रहा है। आप भी देखें, मलाइका की ये तस्वीरें। मलाइका ने मंगलवार 19 जनवरी को गोवा वकेशन की अपनी यह पूल पिक सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस तस्वीर को लाखों लोगों ने लाइक किया है और



इसमें मलाइका की कातिलाना अदा देखने लायक है। मलाइका ने बिकीनी में अपनी यह तस्वीर गोवा वकेशन के दौरान ही शेयर की थी। मलाइका की यह तस्वीर रातोंरात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। अब भी आपको सोशल मीडिया पर मलाइका की अन्य तस्वीरों के साथ यह तस्वीर किसी न किसी पेज पर देखने को मिल जाएगी। यह तस्वीर मलाइका ने पिछले रविवार की सुबह गोवा से लौटने के बाद शेयर की थी। मलाइका की यह तस्वीर बेहद स्टाइलिश है। इस तस्वीर को देखकर फैन्स अंदाजा लगा रहे थे कि यह मलाइका के बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर ने ही क्लिक की होगी। मलाइका अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर और बहन अमृता अरोड़ा के अलावा कुछ नजदीकी दोस्तों के ग्रुप के साथ क्रिसमस से पहले गोवा गई थीं। न्यू इयर गोवा में मनाने के बाद यह सभी लोग वापस मुंबई आए थे।

## कंगना रनौत से कम धाकड़ नहीं है अर्जुन रामपाल का लुक



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत और अर्जुन रामपाल की आने वाली फिल्म च्धाकड़ज् लगातार चर्चा में बनी हुई है। एक दिन पहले ही कंगना रनौत ने इस फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था। अब फिल्म से अर्जुन रामपाल का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है। कंगना इस फिल्म में लीड रोल में हैं जबकि अर्जुन रामपाल इसमें विलन च्रुद्रवीरज् का किरदार निभाएंगे। अर्जुन रामपाल ने अपना फर्स्ट लुक शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, बूम... बुराई का एक नया नाम है- रुद्रवीर। एक विलन जो खतरनाक, घातक होने के साथ ही कूल भी है। अर्जुन इस तस्वीर में बॉडी टैटू में दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ में रायफल और ब्लैक गॉगल्स भी दिख रहे हैं। बता दें कि एक दिन पहले कंगना ने भी फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था। फिल्म में कंगना एजेंट अग्नि का किरदार निभाएंगी और पूरे ऐक्शन अवतार में दिखेंगी। रजनीश रेजी घई के डायरेक्शन में बन रही यह फिल्म 1 अक्टूबर 2021 को रिलीज होगी। इस फिल्म से पहले कंगना की फिल्म थलाइवी रिलीज होगी जिसमें वह तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की भूमिका निभा रही हैं। इसके अलावा कंगना एक अन्य फिल्म च्तेजसज् में भी काम कर रही हैं जिसमें वह भारतीय वायुसेना की फाइटर पायलट के किरदार में नजर आएंगी।

# भूल भुलैया 2 के लिए तब्बू के पास नहीं हैं डेट्स, ऐक्ट्रेस के लिए मेकर्स ढूंढ रहे नई तारीख



मार्च 2020 में कोरोना के बढ़ते प्रकोप और फिर लॉकडाउन के कारण अनीस बज्मी की फिल्म च्भूल भुलैया 2ज् की शूटिंग पोस्टपोन कर दी गई थी। उम्मीद की जा रही थी कि अक्टूबर 2020 से फिल्म का शूट शुरू किया जाएगा लेकिन इसे दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया। अब लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स ने कास्ट और क्रू को जनवरी के आखिरी दिनों की डेट्स दी हैं। हालांकि, तब्बू जो कि फिल्म का अहम हिस्सा हैं, इन डेट्स के लिए उपलब्ध नहीं हैं। यही नहीं, ऐसी भी चर्चा है कि डेट्स के कारण ही तब्बू इस प्रॉजेक्ट से अलग हटने की भी प्रक्रिया में थीं।

### तब्बू को फिल्म में रखना चाहते हैं मेकर्स

हालांकि, मेकर्स तब्बू को फिल्म में रखना चाहते हैं और इसके लिए वे शेड्यूल पर फिर से काम कर रहे हैं। शूट जो कि इस महीने के आखिर में होना था और इसके बाद लखनऊ में थोड़ा हिस्सा फिल्माया जाना था, भी अब जुलाई 2021 के लिए बढ़ा दिया गया है। नई तारीखें जल्द ही फाइनल हो जाएंगी।

### सीक्वल नहीं है भुल भुलैया 2

बता दें, फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी लीड रोल्स में हैं। यह पहला मौका है जब कार्तिक और कियारा किसी फिल्म में एकसाथ नजर आएंगे। मेकर्स ने साफ कर दिया है कि यह हॉरर-कॉमिडी अक्षय कुमार और विद्या बालन स्टारर भुल भुलैया का सीक्वल नहीं है।

# बोनी कपूर ने दिखाई हरी झंडी, जल्द छोटी बेटी खुशी कपूर भी कर सकती हैं बॉलिवुड में एंट्री



जान्हवी कपूर के समय से ही श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर के बॉलिवुड में एंट्री को लेकर चर्चा हो रही है। खुशी पहले से ही सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं और ग्लैमर के मामले में कइयों को मात देती हैं। अब ऐसा लग रहा है कि खुशी हुत जल्द बॉलिवुड में कदम रखने जा रही हैं।

बॉम्बे टाइम्स को खबर मिली है कि बहत जल्द जान्हवी की छोटी बहन खुशी भी बॉलिवुड का हिस्सा होंगी। हाल ही में बोनी कपूर के साथ हुई बातचीत में उनसे खुशी के डेब्यू को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, च्हां, खुशी भी ऐक्टिंग करना चाहती हैं और आप जल्द ही कोई अनाउंसमेंट सुन सकते हैं।ज् बोनी कपूर इंडस्ट्री के जानेमाने प्रड्यूसर रह चुके हैं और अब ऐक्टर भी हैं, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह उन्हें लॉन्च नहीं कर रहे। इससे पहले जान्हवी और बोनी कपूर के बेटे अर्जुन ने भी बॉलिवुड में जोरदार एंट्री की, लेकिन अपने पिता के प्रॉडक्शन हाउस से नहीं।

बोनी कपूर ने बताया कि वह खुशी को लॉन्च नहीं कर रहे। उन्होंने कहा, च्मेरे पास रिसोर्सेस हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि इन्हें कोई और लॉन्च करे, वर्ना पक्षपात वाला रवैया आ जाता है। आप बतौर फिल्ममेकर इसे अफोर्ड नहीं कर सकते और न ही एक ऐक्टर के लिए यह अच्छा है। अनिल एक स्टैबलिश्ड ऐक्टर थे तो इससे उसे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा, लेकिन मुझे लगता है जब संजय ने फिल्मों में एंट्री की तो मैं उसे लेकर दयालु हो गया था।ज् याद दिला दें कि संजय कपूर को बोनी ने साल 1995 में च्प्रेमज् से किया था, जिसमें वह तब्बू के ऑपोजिट नजर आए थे। अब वह ओटीटी पर इंटरेस्टिंग रोल प्ले कर रहे हैं। बोनी ने कहा कि वह चाहते हैं खुशी भी अपनी राह खुल तलाशे और उसके साथ न्याय करे।

यहां यह भी बता दें कि बोनी कपूर अब ऐक्टिंग की दुनिया में भी कदम रख चुके हैं। वह अनिल कपूर की च्एके वर्सेज एकेज् में नजर आए थे और अब रणबीर श्रद्धा कपूर की रोमांटिक-कॉमिडी फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में बोनी कपूर और डिंपल कपाड़िया रणबीर कपूर के माता-पिता के रोल में नजर आएंगे।

## तापसी पन्नू ने बताया विदेशी बॉयफ्रेंड को क्यों कर रहीं डेट, शादी के सवाल पर दिया दिलचस्प जवाब



तापसी पन्नू बॉलिवुड की उन ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं जो बेहतरीन ऐक्टिंग के अलावा अपनी हाजिरजवाबी के लिए जानी जाती हैं। जिस तरह फिल्मी किरदारों में उनके बगावती तेवर दिखते हैं, ठीक वैसा ही कुछ रियल लाइफ में भी है। इस बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी लव लाइफ से जुड़ी कुछ बातें शेयर की हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े किसी शख्स को डेट क्यों नहीं किया। बता दें, तापसी डेनमार्क के बैडमिंटन प्लेयर मैथियास बो को डेट कर रही हैं जिन्होंने 2015 के यूरोपियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। ई-टाइम्स से खास बातचीत में तापसी ने मैथियास को डेट करने के सवाल पर कहा, च्मैं फिल्म इंडस्ट्री से किसी को इसलिए डेट नहीं करना चाहती थी क्योंकि मैं अपनी निजी और व्यावसायिक जिंदगी अलग रखना चाहती हूं।ज् तापसी ने आगे कहा, च्जो लोग मेरे लिए मायने रखते हैं, उनकी तस्वीरें मैं बर्थडे पर शेयर करती हूं। ऐसा ही मैथियास बो के साथ किया जो कि मेरे करीबी हैं।ज् वहीं, शादी के सवाल पर तापसी ने कहा, च्जब मैं इसका इरादा कर लूंगी तो अपनी रफ्तार धीमी कर लूंगी। फिर मैं साल में 5-6 फिल्में करने के बजाय 2 या 3 ही करूंगी। ऐसा करने पर ही अपनी निजी जिंदगी के लिए वक्त निकाल पाऊंगी। बता दें, तापसी ने भले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मैथियास की ज्यादा तस्वीरें न शेयर की हों लेकिन मैथियास अपनी भावनाएं जाहिर करने से कभी नहीं चूकते हैं।

## वन-टू-वन



### सिरवी समाज सेवा संस्था करजाड़े पनवेल द्वारा कोरोना योद्धा सम्मान समारोह आयोजित

**ब्यूरो पुष्पाजली टुडे**

मुम्बई -स्थानीय सरपंच रामेश्वर आग्रे साहेब भारतीय जनता पार्टी विभागीय अध्यक्ष कर्णा शेलार साहेब नाथा भाई भरवाड़ मंगेश रामचंद्र बोरखर डॉ विक्रम पाटील जी डॉ संकेत पवल जी व पत्रकार रविन्द्र गायकवाड़ व अन्य सामाजिक हस्तियों को सम्मानित किया गया। सिरवी समाज सेवा संस्था करजाड़े पनवेल द्वारा आज शाम ही को कोरोना योद्धा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है जिसमें कोरोना महामारी में रात-दिन सेवा कार्य किये करजाड़े की जनता के लिए इसलिए उन सभी डाक्टर वह अन्य सामाजिक बंधुओं को सम्मानित किया गया दो बार ऐसे ही सामाजिक राजनीतिक हस्तियों को सम्मानित किया गया जिसमें प्रमुख उपस्थित रहे समाज बंधु महामंत्री देवाराम अध्यक्ष थानाराम सचीव वोरा राम देवाराम चौधरी खजीनदार कोषाध्यक्ष भंवर लाल जी नगजी तेजाराम नेमाराम देवाराम विनोद टिकम जी देदाराम कानाराम के साथ सभी समाज बंधुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### शक्ति दल हिंदू संगठन द्वारा गणेश जी रणथंभौर यात्रा आज टोड़ी गणेश जी के मंदिर से प्रारम्भ हुई!

**विनोद पाठक ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर शक्ति दल हिंदू संगठन द्वारा प्रति वर्ष निकाले जाने वाली गणेश जी रणथंभौर यात्रा आज गणेश जी मंदिर पर पूजन पश्चात अतिथियों एवम् संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा गया, तत्पश्चात यात्रा गणेश मंदिर से मैन मार्केट होते हुए रणथम्बोर गणेश जी के लिए रवाना हुई, इस शुभ यात्रा अवसर पर यात्रा समिति पदाधिकारी जुगराज मीणा,मांगीलाल सुमन,रामचरण मीणा,सुरजन गुर्जर,नारायण मीणाश्याम सिंह मीणा,रामकरण मीणा,देवेंद्र शर्मा,विष्णु पंडित,अभिषेक मौर्य,आशु जांगिड़, प्रदीप वर्मा,लक्की सुमन उपस्थित रहे!



### कानेलाव में बनेगा हनुमानजी व खेड़ा देवी माँ का भव्य मंदिर

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

पाली।राजस्थान की धन्य धरा पाली ब्लाक के ग्राम कुरना के राजस्व गांव कानेलाव सीरवी समाज नवयुवक मंडल के तत्वाधान में हनुमान एवम् खेड़ा देवी मां के भव्य नवनिर्मित मंदिर निर्माण का शुभ कार्य शुरू किया जाएगा। समाज के नवयुवक मंडल ने बताया कि समाज के समाजसेवी व भामाशाह के सहयोग के माध्यम से बरसों पुराने ऐतिहासिक हनुमान खेड़ा देवी मंदिर निर्माण कार्य के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कार्य शुरू किया गया। सीरवी समाज के समाजसेवी मगाराम सिरवी ने बताया कि समाज के सहयोग के माध्यम से भव्य मंदिर निर्माण कार्य की शुरुआत करने के लिए लंबे समय से नवयुवक मंडल का प्रयास को सफल बनाने में ग्राम वासियों सहित समाज के बुजुर्गों का सहयोग मिला। मंदिर निर्माण के लिए प्रवासी राज्यों में स्थानीय नवयुवक मंडल के व्यापारी मंडल ने श्रद्धा अनुसार धनराशि एकत्रित करके मंदिर की नींव रखी गई।भूमि पूजन नींव रखने का बोली भवरलाल /नारायणलालजी होम्बर को मिली भवरलालजी होम्बर के हाथों से होगा कानेलाव में।हनुमानजी व खेड़ा देवी माँ मंदिर निर्माण कार्य का शुभ मूहर्त के अनुसार शुरू किया जाएगा।

### आधुनिक डेयरी एवं डेयरी उत्पाद आधारित वेबिनार'

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

(ऑन-लाइन प्रशिक्षण 13 से 17 जुलाई तक)

भिण्ड(ब्यूरो)।उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भोपाल द्वारा भिण्ड जिले के युवाओं हेतु आधुनिक डेयरी एवं डेयरी उत्पाद आधारित उद्योग व्यवसाय स्थापनार्थ ऑनलाइन वेबिनार (प्रशिक्षण) का आयोजन 13 जुलाई से 17 जुलाई 2021 तक समय दोपहर 2 बजे से सायः 5 बजे तक पाँच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त वेबिनार में दुधारू पशुओं की प्रमुख नस्लें, प्रजातियाँ की पहचान करना, दुधारू पशुओं के चयन का तरीका, आधुनिक डेयरी एवं डेयरी उत्पाद प्रबंधन हेतु आधुनिक तरीके से पशु आवास व्यवस्था एवं बुनियादी ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया, पशुओं को आधुनिक तरीके से कृत्रिम गर्भाधान प्रक्रिया की जानकारी, पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी साथ ही रोग नियंत्रण की जानकारी, भारत सरकार/ मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न ऋण योजनाओं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों ने ग्रहण की शपथ

## प्रथम बैठक में सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से हुए पारित

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो चीफ**

पुष्पांजली टुडे

**एटा ।** उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के बाद आज सभी 75 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई। इस दौरान भव्य रूप से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

आपको बता दें इसी क्रम में आज एटा जिला पंचायत के भव्य जनेश्वर मिश्र सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष पद की विजेता श्रीमती रेखा यादव पत्नी जुगेंद्र सिंह यादव को जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल द्वारा सभी जिला पंचायत सदस्यों के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा यादव द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत की पहली बैठक संपन्न हुई, इस बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस बैठक में सबसे पहले पंचायत की समितियों के गठन पर विचार किया गया। इस पर सदन में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा समितियों का गठन करने का अधिकार अध्यक्ष को दिया गया। जिसके उपरांत जिला पंचायत बोर्ड को प्राप्त वित्तीय प्रशासनिक शक्तियों के प्रयोग हेतु अध्यक्ष को अधिकृत किए जाने हेतु प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे सदन में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित कराया गया। इस प्रकार सदन में प्रस्तुत सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।



जिला पंचायत की इस बैठक में सदस्य गण क्रमशः कुलदीप कुमार, दुर्गेश कुमार, श्रीमती सुनीता, जितेंद्र पाल सिंह, पूनम यादव, रेशमा देवी, उर्मिला, अनिल कुमार, भूरी देवी, गजेंद्र सिंह, मुकेश, श्रीमती अमर लता, सुमन, सोनी यादव, अरविंद, यशोदा देवी, सुखविंदर सिंह, विनोद यादव,श्रीमती विनीता यादव, श्रीमती गीता देवी महेंद्र सिंह जोगिंदर सिंह देवेंद्र सिंह विक्रांत यादव विनोद कुमार उपस्थित रहे साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण एकता अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग अधिशासी अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एटा जिला रोजगार अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार वित्तीय परामर्शदाता नरेंद्र कुमार अभियंता सत्य प्रकाश दुबे एवं रविंद्र कुमार शर्मा प्रशासनिक अधिकारी योगेश कुमार जैन रमेश चंद्र गुप्ता प्रताप सिंह आज सभी अधिकारी उपस्थित रहे बैठक के अंत में सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक संपन्न होने पर अपर मुख्य अधिकारी राहुल सिंह द्वारा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

## 'विश्व जनसंख्या स्थिरता दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली एवं नाटक का मंचन किया'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

पुष्पांजली टुडे

भोपाल।विश्व जनसंख्या स्थिरता दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली एवं नाटक का मंचन किया गया। परिवार कल्याण के साधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जय प्रकाश जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में जन जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें पोस्टर, बैनर ,प्लेकार्ड के माध्यम से परिवार नियोजन के आसान एवं सुरक्षित साधनों के बारे में बताया गया।




इस मौके पर कैरियर कॉलेज की नर्सिंग छात्राओं द्वारा परिवार नियोजन संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि बच्चों के भविष्य के लिए परिवार का आकार छोटा रखा जाना बेहद आवश्यक है। महिला के स्वास्थ्य के लिए भी यह आवश्यक है कि परिवार में बच्चों की संख्या सीमित रखी जाए । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि 11 जुलाई से 11 अगस्त 2021 की अवधि में जनसंख्या स्थिरता माह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान परिवार नियोजन के स्थाई साधनों जैसे पुरुष एवं महिला नसबंदी के शिविरों का आयोजन स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला नसबंदी की तुलना में पुरुष नसबंदी ज्यादा आसान है और यह पूरी तरह से निराधार है कि पुरुष नसबंदी कराने से किसी भी प्रकार की कमजोरी आती है। ऐसे दंपत्ति जो 2 बच्चों के बाद परिवार बढ़ाना नहीं चाहते हैं, उनके लिए नसबंदी करवाना आसान और सुरक्षित उपाय है।

जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ डी.आर. अहिरवार ने बताया कि परिवार कल्याण के विभिन्न अस्थाई साधनों का उपयोग दंपत्ति अपनी सुविधानुसार अपना सकते हैं। गर्भ निरोधक गोली जैसे छाया अथवा माला एन, अंतरा इंजेक्शन, पोस्टपार्टम आईयूसीडी जैसे विभिन्न साधन दंपतियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है । परिवार नियोजन के सभी साधन पूर्णता सुरक्षित है एवं आसानी से अपनाएं जा सकते हैं । इस अवसर पर सिविल सर्जन जयप्रकाश चिकित्सालय डॉ.आर.के. श्रीवास्तव, आरएमओ डॉ. बलराम उपाध्याय, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे ।नुक्कड़ नाटक के मंचन में कैरियर नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं मुस्कान नागर, दीपा पवार, स्नेहा तिवारी, शिफा खान, अंतिमा, अहेरी मित्रा, क्रिस्टीना मैथ्यू ने विशेष भूमिका अदा की।

## चेकिंग के दौरान अवैध छुरी सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार



**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो चीफ**

पुष्पांजली टुडे

एटा जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जलेसर सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जलेसर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त दीपक राहुल पुत्र कमलेश निवासी स्टेट बैंक के सामने गिहार बस्ती कस्बा व थाना करहल जनपद मैनपुरी से एक अदद छुरी मुठ लोहा लम्बाई करीब 05 अंगुल सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना जलेसर पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## रुक्मणी विवाह बड़ी धूमधाम से बारात की चढ़ाई की

**हरिओम परिहार रिपोर्टर**



खनियाधाना / पहाड़ा कला हनुमान जी के मंदिर के पास चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य श्री बृज किशोर शास्त्री जी महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।

कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कल्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, ऊद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। आचार्य श्री बृज किशोर शास्त्री जी महाराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। और रुक्मणी विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

## डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में दिया राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद-पेट्रोल डीजल और गैस के बढ़ते दामों की लेकर युवक कांग्रेस के द्वारा अवध किशोर उर्फ बंटी गुर्जर के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से बाजार होते हुए तहसील कार्यालय तक साइकिल रैली निकाली गई एवं महंगाई का विरोध करते हुए राज्यपाल के नाम एसडीएम के माध्यम से नायव तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया जिसमें आजकल जो डीजल पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं कोरोना काल में वैसे ही सभी छोटे बड़े व्यापारियों का व्यापार ठप हो गया है ज्यादातर लोग बेरोजगार हो गए आये दिन डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस की कीमतों में निरंतर वृद्धि हो रही है जिससे आम आदमी की हालत खराब हो गई है डीजल पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि से इसका असर छोटे मध्यम वर्गीय परिवारो पर पड़ रहा है सभी चीजें महंगी हो रही हैं वहीं गैस सिलेंडर जो अब ?915 का हो गया है र तेल 170 का आंकड़ा पार कर गया है वर्तमान परिवेश को



देखकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जो टैक्स पेट्रोलियम पदार्थों पर लगाया जा रहा है उसे घटाकर डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस की कीमतें कम की जाकर

मध्य प्रदेश की जनता को महंगाई से निजात दिलाने के लिए मध्यप्रदेश शासन को कीमतें कम की जाने हेतु आगृह किया गया है जिसमें मुख्य रूप से राजकुमार कुमार देशलहरा, शाबू खान, कैलाश माहौर ,जावेद पठान, नरोत्तम चौरसिया, अवधेश शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, बृजेश चोरसिया, आशीष शर्मा, तहसील शाह, शिवम सोनी, बबलू बरैया,कैदार कौशल, रमजान खान, राघवेन्द्र तोमर,राजू कक्का, चेतराम, हाकिम, देवाराम, नरेश, कलियान, भानू गुर्जर,छोटे परिहार रागिनी चौहान आदि लोग शामिल थे।

# महगाई के विरोध में थाली ताली बजाकर किया युवा कांग्रेस ने विरोध

**बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता**

पुष्पांजली टुडे

मेहगांव / युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ढमोले के नेतृत्व में भिंड तिराहा राठौर लॉज पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता एकत्रित हुए वहां पर महगई के विरोध में सभी कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर महंगाई के खिलाफ विरोध प्रकट किया उसके बाद रैली के रूप में तहसील एसडीएम कार्यालय के लिए निकले कार्यकर्ताओं के हाथों में महंगाई विरोधी तख्तियां एवं थालीताली बजाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे एसडीएम कार्यालय के बाहर नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद शिवराज सिंह चौहान मुर्दाबाद एवं महंगाई के विरोध में नारेबाजी की एवं महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य रूप से




प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जगदीश शर्मा जी धारा सिंह गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार चौधरी राजेंद्र सिंह नरवरिया पिछड़ा वर्ग कांग्रेश के जिलाध्यक्ष सुभाष राठौड़ बबलू त्यागी नरेंद्र मिश्रा भगवती थापक कमल दीक्षित अजमेर सिंह गुर्जर किशन प्रसाद कटारे अजय विमल जिला युवा उपाध्यक्ष हफीज खान,पवन चौधरी, उस्मान खान रंजीत सिंह सखवार मनीष शि वहरे सरदार सिंह गुर्जर अभिषेक सिंह भदोरिया इलियास खान जबर सिंह कुशवाह अजब सिंह गुर्जर शंकर सिंह पटेल माधव सिंह अर्गल बृजेश मौर्य अभिलाख नरवरिया अमित गिरी विकास चौधरी पिंटू राठौर शिवम कुशवाहा भीकम सिंह गुर्जर राजेश गुर्जर कुलदीप दीक्षित मनीष गुर्जर आशीष भारद्वाज आदि लोग विशेष रूप से उपस्तित हुए।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया के केंद्रीय मंत्री बनने से विकास होगा'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड(ब्यूरो)। ज्योतिरादित्य सिंधिया की कट्टर समर्थक एवं भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्री श्रीमती सरोज जोशी ने भारत सरकार में श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को केंद्रीय मंत्री बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब देश एवं पूरे मध्यप्रदेश के साथ साथ चम्बल क्षेत्र में विकास कार्यों में गति आएगी।सिंधिया समर्थक सरोज जोशी ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया हमेशा ही विकास कार्य करते रहते हैं, अभी कई जिलों में फ्री वेक्सीनेशन करा रहे हैं।केंद्रीय मंत्री बनने के बाद निश्चित तौर पर प्रदेश में विकास की गंगा बहेगी।

# 'कमलनाथ सरकार ने दिया था रेत माफिया को संरक्षण : रसाल सिंह'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

(भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कंप्यूटर बाबा के बयान का किया पलटवार शिवराज सरकार ने अवैध खनन पर कसा शिकंजा तो तिलमिला उठे कम्प्यूटर बाबा)

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रसाल सिंह ने डॉक्टर गोविंद सिंह के निवास स्थान पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कंप्यूटर बाबा द्वारा दिए गए वक्तव्य को खिसियानी बिल्ली खम्बा नौंचे वाला बताया है। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि कम्प्यूटर बाबा ने कमलनाथ सरकार के रहते प्रदेश भर में रेत माफिया को संरक्षण देकर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया था, लेकिन शिवराज सरकार के सत्ता में आते ही उनकी दुकान बन्द हो गई। उनका यह बयान उसी हताशा का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर बाबा को सबसे पहले यह जानना चाहिए कि 15 माह मध्यप्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार रही और इस दौरान रेत के अवैध खनन और प्रदेश की नदियों का सीना छलनी करने का काम कांग्रेस के जिस नेता के संरक्षण में हुआ आज उन्हीं के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता के समक्ष झूठ परोस रहे हैं।

पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कंप्यूटर बाबा को पता होना चाहिए कि कमलनाथ सरकार में भिंड के पूर्व प्रभारी मंत्री और लहार के कांग्रेस के पूर्व मंत्री के संरक्षण में भिंड सर्किट हाउस पर जमील अहमद जो कि प्रभारी मंत्री का भांजा जमील अहमद एक महाशय बैंड सर्किट हाउस पर रेत के अवैध खदान को संरक्षण दे रहा था और रात्रि में प्रशासन पर दबाव बनाकर उसको निकाल दिया गया। आखिर ऐसा क्यों किया गया। कांग्रेस की सरकार में उनके ही नेता प्रदेश की नदियों और रेत के अवैध खदान को बढ़ावा देते रहे आज रोकने की बात कर रहे हैं। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि कंप्यूटर बाबा को बता देना चाहता हूं कि सबसे पहले जनता के सामने यह स्पष्ट किया जाए की प्रदेश सहित भिण्ड जिले में किन-किन कांग्रेस नेताओं की अवैध खदानों का संचालन है। उसकी जांच की जानी चाहिए। इसके बाद स्वतः दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। तभी कम्प्यूटर बाबा नदियां बचाने की बात कहें।



पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कंप्यूटर बाबा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पिछले कार्यकाल में आपको राज्यमंत्री का दर्जा देकर पर्यावरण और नर्मदा के विकास के लिए जिम्मेदारी दी थी, आपने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जैसे नेताओं के हाथों में कार्य करते रहे और शिवराज सरकार का विरोध कर जनता को झूठा भ्रमित किया।

पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि कमलनाथ की कांग्रेस सरकार में लहर से कांग्रेसी विधायक मंत्री थे उस समय उन्होंने समाचार पत्रों में यह स्पष्ट कर दिया था कि हम अपनी सरकार में रेत के अवैध खदान को नहीं रोक पा रहे है ऐसा बयान देकर उन्होंने अपनी सरकार पर आरोप लगाए थे जब मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार बनी रेत के अवैध खदान पर उन्होंने अधिकारियों के कड़े निर्देश देकर रोकने का काम किया तो यही कांग्रेस के नेता जो रेत के अवैध खदान में कार्य कर रहे थे और उन पर शिकंजा करना चालू किया तो उन्होंने पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन पर आरोप लगाना प्रारंभ कर दिए सबसे ज्यादा रेत खदान कंप्यूटर बाबा जी आपके ध्यान में होगा इन्हीं नेताओं के संरक्षण में हो रहा होता रहा आज वह नदियों के बचाने की बात कर रहे हैं।

पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान एक संवेदनशील मुख्यमंत्री है और रेत के अवैध खदान को पूर्ण रूप से रोकने के लिए अधिकारियों को कड़ी से कड़ी निर्देशित किया गया है इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए उन्होंने कहा अच्छे संत बन कर उन्हें राजनीति नहीं करनी चाहिए।

पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कंप्यूटर बाबा का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि उन्हें मालूम होना चाहिए अगर रेत के अवैध खदानों की जांच करा ली जाए तो पूर्व मंत्री के संरक्षण में उनके लोगों द्वारा लहर से लेकर दतिया तक रेत का अवैध खदान कराया जा रहा है।

# 'कैलाशवासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा संचालित कोविड-19 पर 920 लोगों को लगाई गई वैक्सीन'

## (विद्युत मंडल के डीई शुभम चौधरी अपनी पत्नी सहित टीकाकरण करने पहुंचे कोविड सेंटर)

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। सेवा संगठन अभियान के तहत भिंड शहर के व्यापार मंडल धर्मशाला परिसर में कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा संचालित कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर पर 920 लोगों ने वैक्सीन लगवाई । सदस्य सेक्टर संयोजक रमेश दुबे ने सम्माननीय नागरिक गणों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें सभी को वैक्सीन लगाई जाएगी 7उन्होंने कहा कि महिला और युवाओं और बुजुर्गों , हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हम सबके जन रक्षक बनकर इस संकट की घड़ी से बाहर निकालने जागृत किया है हम स्वच्छता से वैक्सीन सेंटर पर आकर परिवार सहित टीकाकरण अभियान में शामिल हो रहे हैं 7

कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत 31 अप्रैल से प्रारंभ होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग भाग लेकर आगे बढ़ रहे हैं कई हजार लोगों का इस सेंटर पर टीकाकरण अभियान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और निरंतर भी जारी है 7

शुभम चौधरी जी (ष्ठश्व विधुत विभाग) और उनकी पत्नी श्री मति चौधरी ने के. माधबराव सिंधिया वैक्सीन सेंटर पर आकर वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाया और इसे एक सराहनीय कार्य बताया 7

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश दुबे ने वैक्सीन लगवाने आए सर्व समाज के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि इस संकट की घड़ी में आप सबकी जनभागीदारी भी सुनिश्चित है सभी लोग आगे बढ़कर प्रभावी संख्या में टीकाकरण करवाने के लिए उन्हें जागृत किया 7

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सेंटर संयोजक रमेश दुबे ने कहा की अभियान में भिंड जिले के सर्व समाज की जनता युवा 18 वर्ष की आयु के लोक काफी संख्या में वैक्सीन करवाकर भिंड को एक कोरोनावायरस मुक्त बनाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं सुबह से शाम तक निर्धारित सेंटर खुलने और बंद होने तक पार्टी के कार्यकर्ता अपनी कर्तव्यनिष्ठा का पालन करते हुए लोगों की जन सेवा में जुटे हैं 7



भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुबे ने कहा कि केन्द्र पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा और उनकी टीम जो टीकाकरण अभियान में जुटी है उसके लिए भी उन्होंने धन्यवाद कर्मचारियों के प्रति जताया आप सबकी मुख्य भूमिका के साथ भिंड जिले को कोविड-19 से मुक्त बनाएंगे ताकि कोई भी ऐसा व्यक्ति बिना वैक्सिंग लगवाए ना रह जाए इसकी हम सबको चिंता करनी है 7

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दुबे ने कहा कि कांग्रेस द्वारा वैक्सीन को लेकर झूठी भ्रांतियां फैलाई जा रही थी जिस पर जनता पर कोई असर नहीं पड़ा दिन प्रतिदिन कोविड-19 सेक्टरों पर जनसैलाब उमड़ रहा है महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर टीकाकरण अभियान में शामिल होकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के प्रति सहानुभूति दिखाई द्य

इस अवसर पर एडवोकेट रामदास सोनी, डॉ तरुण शर्मा, अनिल दुबे %अन्नू% ,राजीव दीक्षित, कुलदीप सिंह कुशवाह, उदय वीर सिंह कुशवाह राजीव दीक्षित भूरे गुरभेले लटूरी प्रसाद शर्मा, छोटन तोमर दिलीप बोहरे , राधा मोहन चौबे शकील मंसूरी, प्रमुख रूप शामिल थे ।

# कांग्रेसियों ने महंगाई को लेकर धरना स्थल पर दिया ज्ञापन



**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो चीफ**

पुष्पांजली टुडे

एटा । पेट्रोल डीजल एलपीजी एवं दैनिक उपयोगी वस्तुओं एवं उत्तर प्रदेश में गुंडाराज के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेश कमेटी के नेतृत्व में तांगा और बैलगाड़ी से कांग्रेस कार्यालय से जुलूस निकाला इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ने कहा देश में पेट्रोल डीजल एलपीजी दैनिक उपयोगी वस्तुओं खाने-पीने आदि की कीमतें बहुत तेजी से बढ़ रही है अतः बढ़ी हुई मूल्य वृद्धि से जनता बहुत ही परेशान हैं जीवन जीना मुश्किल हो गया है बढ़ी हुई कीमत को वापस लिया जाए

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में देखने को मिला कि उत्तर प्रदेश में गुंडागर्दी चरम सीमा पार कर चुकी है उत्तर प्रदेश के विधायकों सांसदों ने पुलिस प्रशासन की अनदेखी कर कानून व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया महिलाओं का का खुलेआम उत्पीड़न किया गया जिससे आम जनता में भय व्याप्त है आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है

संगठन के उपाध्यक्ष अनिल सोलंकी एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रजत यादव ने कहा हमारी मांगों को जल्द नहीं माना गया तो हम इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे

इस अवसर पर मानव अधिकार के जिला अध्यक्ष राम कुमार सक्सेना पूर्व जिला अध्यक्ष चोब सिंह धनगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद इरफान एडवोकेट गगन सविता राजेश यादव डॉ सुरेंद्र कुमार नीलम राज नैना शर्मा ओमवीर लोधी भोला गुप्ता नीरज मिश्रा सुखबीर धनगर संतोष कुमार गौतम दिनेश कुमार यादव डॉक्टर नंद लाल यादव किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता युवा नेता यतेंद्र सिंह शाक्य सुरेश आदि लोग उपस्थित थे महंगाई को लेकर धरना स्थल पर तहसीलदार महोदय को ज्ञापन भी दिया गया।

# 'कलेक्टर के निर्देशन में हटाया गया टांडा बोरी मार्ग का अतिक्रमण'



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

पुष्पांजली टुडे

धार।बलवारी से खेड़ा तक बन रहे 110 किमी टू लेन मार्ग का निर्माण जारी है। इसके अंतर्गत टांडा बोरी मार्ग पर टांडा में बाधक बन रहे अतिक्रमण को गत दिवस कलेक्टर अलोक कुमार सिंह के निर्देशन में एसडीएम विवेक कुमार द्वारा हटवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिक्रमण धारियो को पूर्व में तीन बार अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए जा चुके थे। तहसीलदार कुक्षी एसके डाबर ने बताया कि एसडीएम विवेक कुमार, एसडीओपी ए वी सिंह,टांडा थाना प्रभारी विजय वास्केल पूरे अमले के साथ टांडा बोरी मार्ग चौराहे पर पहुँचे तथा 8 अतिक्रमण धारियो की गुमटियों को हटाने की कार्यवाही शुरू की। घुमटी धारियो के निवेदन पर एसडीएम विवेक कुमार द्वारा घुमटियो में रखे सामानों को हटाने का समय दिया गया। ततपश्चात जेसीबी व पोकलैंड मशीन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। मार्ग निर्माण कम्पनी श्रीजी इंफ्रास्पेक प्रा.क. के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि मार्ग निर्माण में बाधक बन रहे अतिक्रमण के हटने के बाद अब यहां काम शुरू कर दिया गया है। कुक्षी राजगढ़ मार्ग से मिल रहे टांडा बोरी मार्ग पर गाँव मे 12 मीटर चौड़ा कांक्रीट रोड बनेगा। रोड के दोनों साइड डेढ़ डेढ़ मीटर के पेबर्स ब्लॉक लगेंगे व उसके बाद एक मीटर नाली निर्माण होगा। उक्त मार्ग के बनने से क्षेत्र वासियो को गुजरात जाने के लिए सबसे सुगम मार्ग हो जाएगा।

# एक महान विचार धारणा के व्यक्ति मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर श्री संजीव वर्मा जी

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर**

पिछोर, मेडिकल ऑफिसर डॉ श्री संजीव वर्मा जी एक महान विचार धारणा के डॉक्टर हैं जिन्होंने अपना सारा जीवन जनहित और देश हित के लिए प्रदान किया है वर्तमान समय में वह अभी पिछोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल ऑफिसर पद पर कार्यरत है और गरीब असहाय लोगों को सुचारु रुप से सुविधाएं मुहैया कराते हैं उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में अच्छा कार्य किया जाता है एवं गरीब असहाय लोगों की मदद करते हैं एवं आवश्यक सेवाएं उनके समक्ष मरीजों को दी जाती हैं को रोना काल में उन्होंने जो अच्छा कार्य किया है लोगों को समय-समय पर दवाइयां वितरित की गई और मरीजों का ख्याल भी उनके द्वारा रखा गया और आज भी लोगों के प्रति सदैव अपने कर्तव्य पर हमेशा तैयार रहते हैं एक महान मेडिकल ऑफिसर अपने कर्तव्य समझते हुए आज भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा लोगों को सेवाएं दी जाती हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में उनका अच्छा कार्य किया जाता है ऐसे ही महान पुरुषों की देश को जरूरत है जो अपने कर्तव्य पर सदा ही आगे रहते हैं चाहे रात हो चाहे दिन अपना समय मरीजों के लिए और उनकी देखरेख में व्यतीत करते हैं ।

# स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर हड़ताल स्थगित हुई है समाप्त नहीं

## दिनांक 11 जून 2021 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव उद्यान परिसर में आशा उषा आशा सहयोगिनी संघ की बैठक प्रदेशाध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी कौरव की अध्यक्षता में संपन्न हुई

बैठक में 100 से भी अधिक आशा व सहयोगी कार्यकर्ता उपस्थित रही प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा बताया गया के अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान 24 जून को राजधानी में विशाल धरना प्रदर्शन हुआ जिसके चलते एनआरएचएम के अधिकारियों एवं मिशन संचालक के साथ प्रशासन की मध्यस्थता में बैठक कराई गई जिसमें नेशनल हेल्थ मिशन संचालक सुश्री छवि भारद्वाज जी के द्वारा ?10000 आशा कार्यकर्ताओं को देने की बात कही गई लेकिन लिखित में इस प्रस्ताव को देने मैं विलंबऔर टालमटोल होने से संगठन ने दोबारा से 29 जून को मुख्यमंत्री जी के गृह जिले सीहोर से एवं स्वास्थ्य मंत्री जी के गृह जिले रायसेन से पदयात्रा निकाली जिसे प्रशासन के द्वारा बीच में रोककर पुनः एनएचएम के अधिकारियों से बातचीत करा कर समाधान करने का प्रयास किया और 30 जून को संगठन के नाम लिखित पत्र जारी किया जिसमें गोलमोल भाषा का उपयोग करते हुए वेतन की मांग को छुपाया गया जिसके चलते आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा था उसी बीच स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी जी ने बंगले पर संगठन के पदाधिकारियों और एनएचएम के डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर को बुलाकर सकारात्मक वार्ता में शामिल किया संगठन ने स्वास्थ्य मंत्री जी के आग्रह पर सरकार को समय देते हुए हड़ताल स्थगित करना तय किया बताना उचित होगा कि हड़ताल को स्थगित किया गया है ना कि समाप्त मांगे पूरी न होने की दशा में 30 दिवस का समय पूर्ण होते ही आंदोलन पुनः उग्र और प्रभावी रूप से आरंभ होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और एनएचएम की होगी तब तक संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के द्वारा अपने कार्यस्थल पर पूर्व की भांति प्रत्येक स्वास्थ्य सेवा को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा क्योंकि संगठन का प्रमुख उद्देश्य ही है स्वास्थ्य सेवाओं को शुद्र बनाना और उसके लिए काम करना उसी काम के बदले दाम मांगने वाला यह संगठन जीने लायक वेतन के लिए सक्रिय रुप से कार्यरत है



खंड इकाई मेहगांव की नवीन कार्यकारिणी के गठन पर प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी कौरव के द्वारा शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कार्यकारिणी को लगन निष्ठा एवं पूर्ण इमानदारी से संघर्ष करने की सीख दी गई है खंड इकाई मेहगांव की कार्यकारिणी एवं प्रत्येक आशा सहयोगिनी कार्यकर्ता के द्वारा शपथ लेते हुए कहा कि हम कार्यस्थल पर अपने कार्य को सरकार की मंशा के अनुरूप पूरी लगन और मेहनत के साथ करेंगे और मांग ना पूरी होने की दशा में सरकार के खिलाफ उससे भी अधिक लगन और मेहनत से से अपने आंदोलन को मजबूत बनाएंगे।

## कविता

बेटियां घर की रौनक होती है
बेटियां घर की शान!
बेटियों से ही घर, घर है होता
बेटियां पिता का अभिमान!
दुनिया में होते हैं कुछ ऐसे इंसान
जो बेटियों के आने पर है खुशियां मनाते
और कुछ होते हैं ऐसे इंसान
जो बेटियों के आने पर उनका है गला दबाते!
बेटियों की परवरिश करना है सबसे नेक काम
लेकिन सबकों लगता है बोझ है ये काम!
बेटियां होगी तो जिम्मेदारी बढेगी
लेकिन ये बेटियां नही होंगी तो पीढी आगे कैसे बढेगी!
कोई निभाना चाहता है तो कोई दूर है भागता!



**ज्योति मित्तल**
जीवन टाकिज रोड
जोशी मोहल्ला श्योपुर

## नैनो न्यूज

### दो ऐसे गाँव जहाँ के सभी लोग बन गए हैं पर्यावरण मित्र (अंकुर अभियान) खुशियों की दास्तां




**ग्वालियर।** लक्ष्मी देवी सही मायने में अपने गाँव के लिये लक्ष्मी बन गई हैं। लक्ष्मी अपने गाँव वालों को यह सब समझाने में सफल रहीं हैं कि प्रकृति के हर जीव के लिए प्राणवायु (ऑक्सीजन) से बढ़कर कोई दौलत नहीं और पेड़ों से बढ़कर प्राणवायु का कोई दूसरा स्त्रोत नहीं। फलत- पूरे का पूरा छिरेटा गाँव अंकुर अभियान से जुड़ गया है। गाँव के सभी परिवारों ने पौधरोपण को मिशन बना लिया है। ग्वालियर जिले में छिरेटा और सोता खिरिया दो ऐसे गाँव हैं जहाँ के शतप्रतिशत परिवारों ने पौधरोपण कर वायुदूत एप पर पल्लवित होते पौधों के फोटो अपलोड किए हैं। छिरेटा व सोताखिरिया गांव ग्वालियर जिला ही नहीं सम्पूर्ण प्रदेश के लिए उदाहरण बन गए हैं। ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत भितरवार के ग्राम छिरेटा में जनअभियान परिषद के वॉलेन्टियर एक दिन अंकुर अभियान के तहत वृक्षारोपण का महत्व बताने पहुँचे थे। गाँव के लोगों ने उनकी बातों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया। पर यहाँ की निवासी श्रीमती लक्ष्मी देवी कुशवाह के भीतर तक यह बात उतर गई कि पर्यावरण संरक्षण और प्राणवायु के लिए पेड़ लगाना कितना जरूरी है। फिर क्या उन्होंने आगे आकर गत 3 जून को आम का पौधा रोपा। जनअभियान परिषद के वॉलेन्टियर की मदद से अपने फोन में डाउनलोड किए गए वायुदूत एप पर इस पौधे का फोटो भी अपलोड कर दिया। इसके लिए उन्हे प्रमाण-पत्र भी मिला। लक्ष्मी देवी अब तक एक दर्जन पौधे रोप चुकी हैं और उन्हें 5 प्रमाण-पत्र मिल चुके हैं। लक्ष्मी से प्रेरित होकर गाँव की श्रीमती प्रेमवती व डॉ. कोमल सिंह भी इस पुनीत कार्यक्रम से जुड़ गए। धीरे-धीरे पूरा छिरेंटा गाँव अंकुर अभियान में शामिल हो गया। गाँव के सभी 86 घरों के लोग पौधे रोपने में जुटे हैं। किसी ने अपने घर के बाड़े में, किसी ने खेत की मैड़ पर तो किसी ने गाँव में खाली पड़ी जमीन पर पौधे रोपे हैं। इन सभी ने सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया है। पौधे खुद खरीदकर लाए और पौधों को सुरक्षित करने के लिये अपने खर्चे पर घरूआ भी बनवाए हैं।

### जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों पर गंभीरता से कार्रवाई करें

**ग्वालियर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। सीएम हैल्पलाइन, जन-सुनवाई एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आम जनों की समस्याओं के निराकरण के लिये प्रस्तुत प्रकरणों का तत्परता से निराकरण किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को अंतरविभागीय समन्व्य समिति की बैठक में विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिए । कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री टी एन सिंह, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन एवं जन-सुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का निराकरण समय - सीमा में हो, यह सभी विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें। सीएम हैल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों का निराकरण एल-1 स्तर पर ही किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त पत्रों का जवाब अनिवार्यत- समय-सीमा में दिया जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा पत्रों के माध्यम से जो कार्य बताए जाते हैं उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। काम करने के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को पत्र के माध्यम से वस्तुस्थिति से भी अवगत कराया जाए। जिन कामों को करने में दिक्कत है उनके बारे में भी विस्तृत विवरण के साथ पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जनप्रतिनिधियों द्वारा पत्र के माध्यम से बताए गए कार्य में लापरवाही बरतने पर एमपीईबी के डीई श्री ए के अष्ठाना एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के डीलिंग क्लर्क को कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए हैं कि पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड देने का कार्य अभियान के रूप में किया जाए।

# ग्वालियर में बॉयफ्रेंड ने बना लिया छात्रा का एमएमएस, अब ब्लैकमेल कर मांग रहा डेढ़ लाख रुपए

**ग्वालियर।** एक छात्रा को प्यार में धोखा मिला है। उसके ही बॉयफ्रेंड ने छात्रा का अश्लील MMS बना लिया। इसके बाद वह छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा। अब बॉयफ्रेंड छात्रा से 1.5 लाख रुपए की मांग कर रहा था। ऐसा न करने पर उसका MMS वायरल करने की धमकी दे रहा है। बदनामी के डर से घबराई छात्रा ने आत्महत्या करने के लिए एसिड पी लिया। घटना रविवार रात की है। जब छात्रा की हालत बिगड़ी तो परिजन को उसके एसिड पीने का पता लगा। तत्काल MMS100 को मामले की सूचना दी। पुलिस ने छात्रा को जयारोग्य अस्पताल के MMS में भर्ती कराया है। फिलहाल छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई है। शहर के जनक हॉस्पिटल के पास रहने वाली 22 वर्षीय रानी (बदला हुआ नाम) PSC की तैयारी कर रही है। रविवार रात उसने अचानक एसिड पी लिया। एसिड गले में जाते ही वह जोर-जोर से चीखने लगी। शोर सुनकर परिजन उसके रूम तक पहुंचे। वहां एसिड की खाली बोतल देखकर तत्काल समझ गए कि बेटी ने गलत कदम उठा लिया है। तत्काल परिजन ने डायल 100 पर कॉल किया। सूचना मिलते ही डायल 100 पुलिस से आरक्षक राधामोहन शर्मा, शैलेन्द्र व चालक राजकुमार पहुंचे और उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। छात्रा को पॉइजन वार्ड के ढ्ढष्ट में भर्ती कराया गया है। छात्रा की हालत इतनी खराब है कि अभी उसके बयान नहीं हो सके हैं।




### बॉयफ्रेंड कर रहा था ब्लैकमेल

पुलिस को पता लगा कि एक अमन नाम के लड़के से उसकी दोस्ती थी। दोनों में प्यार हो गया। इसका गलत फायदा उठाते हुए छात्रा के दोस्त ने उसका अश्लील MMS बना लिया। अब वह उसे कुछ दिन से बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। वह स्क्स मोबाइल से डिलीट करने के बदले डेढ़ लाख रुपए मांग रहा था। जो छात्रा या उसका परिवार नहीं दे सकता था। दोस्त की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर छात्रा ने एसिड पीकर जान देने की कोशिश की है।

### देरी होती तो जा सकती थी जान

घायल का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि छात्रा की हालत काफी गंभीर है। उसे खतरे से बाहर तो नहीं कह सकते, लेकिन यदि यहां लाने में कुछ देर हो जाती तो वह स्पॉट पर ही दम तोड़ देती। डॉक्टर लगातार उसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

# एसडीओ के बैंक लॉकर से मिला 34 तौला सोना

**ग्वालियर।** ग्वालियर में लोक निर्माण विभाग (PWD) के SDO रविंद्र सिंह कुशवाह के इकलौते बैंक लॉकर ने सोना उगला है। लॉकर में 16 लाख रुपए के गहने मिले हैं। इनमें 34 तौला सोना, 900 ग्राम चांदी मिली है। पर इसके साथ ही 10-10 के नोट की दो गड्डी, 20 के नोट की एक गड्डी सहित कुल 3110 रुपए कैश मिला है।

इसको लेकर EOW की टीम उलझन में है। अफसर समझ नहीं पा रहे हैं कि करोड़पति स्ड्ढह्र के लॉकर में दस और 20 के नोट इतना संभालकर क्यों रखे गए हैं। टीम को आशंका थी कि लॉकर से जमीन संबंधित दस्तावेज मिल सकते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला है। अभी स्ड्ढह्र के 6 बैंक खातों की डिटेल आना शेष है। रात तक वह भी आ सकती है।



### यह है पूरा मामला

9 जुलाई को PWD के स्ड्ढह्र रविन्द्र सिंह कुशवाह के दो ठिकानों पर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (EOW) की टीमों ने छापामार कार्रवाई की थी। यहां SDO रविन्द्र सिंह के बारे में बता दें, इनके यहां से करोड़ों की सम्पत्ति के दस्तावेज तो मिले ही हैं। साथ ही इन साहब के बीते 16 साल से ग्वालियर में ही जमे हुए होने का पता भी लगा था। इनके यहां से 4 करोड़ रुपए कीमत के दो मकान, 6 बैंक खाते, 7 बीमा पॉलिसी, जेवर, नकदी सहित डबरा और बिलौआ में 56.5 बीघा जमीन के साथ ही अनुमानित 10 करोड़ रुपए से अधिक की सम्पत्ति मिली थी। जबकि 30 साल की नौकरी में सभी भत्ते मिलाकर उनकी अनुमानित आय 90 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए थी। छापा के दौरान EOW को क्या-क्या मिला है एक नजर में-

- झांसीरोड स्थित पारस विहार कालोनी में 800 वर्गफीट में बना तीन मंजिला आलीशान मकान। कीमत करीब एक करोड़ रुपए।
- सिटी सेंटर स्थित टाउनशिप में ड्यूप्लेक्स, 1800 वर्ग फीट में निर्मित, जिसे तुड़वाकर तीन मंजिला बनवाया गया। कीमत करीब 3 से 4 करोड़ रुपए।
- डबरा की गणेश कालोनी में दो मकान
- भोपाल के पटेल नगर में फ्लैट
- ग्वालियर के बसंत कुंज में दो फ्लैट (हाल ही में बुक कराए हैं)
- ग्वालियर में PHE कालोनी, गुढ़ी गुढ़ा का नाका और डबरा में तीन प्लॉट
- डबरा में 6.5 बीघा कृषि भूमि
- बिलौआ में 50 बीघा कृषि भूमि
- भिंड जिले के मिहोना के पास जगनापुरा में भी कृषि भूमि है।
- सोने-चांदी के जेवर, करीब 9 लाख के
- 3.50 लाख रुपए नगद
- 6 बैंक खाते
- 7 बीमा पॉलिसी
- एक बैंक लाकर
- एक कार, दो एक्टिवा, एक बाइक

### 6 बैंक खातों में काफी कैश हो सकता है

SDO का बैंक पंजाब नेशनल बैंक स्थित लॉकर तो खुल गया है। उसमें 16 लाख रुपए का सोना और 3110 रुपए नकद मिला है। EOW के अफसर यह समझ नहीं पा रहे हैं कि करोड़पति स्ड्ढह्र ने लॉकर में 10 और 20 के नोट संभालकर क्यों रखे थे। इसका राज स्ड्ढह्र से पूछताछ के बाद ही खुल सकेगा। अभी रविन्द्र सिंह कुशवाह के विभिन्न बैंक में 6 बैंक खातों की डिटेल भी आनी है। जो रात तक या मंगलवार को भी आ सकती है। बैंक में भी काफी कैश होने की आशंका है।

### महिला को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, महिला की मौत

**ग्वालियर।** रात के अंधेरे और रफ्तार के जुनून में कार सवार को सड़क पर पिंड (लेटकर जाते हुए) भरते हुए महिला और उसका परिवार नहीं दिखा। जैसे ही महिला जमीन पर लेटी बेकाबू कार के पहिए उसके ऊपर से गुजर गई। इतना ही नहीं कार सवार ने भागने के प्रयास में पीछे पिंड भर रही महिला की तीन बहू और पोते को भी टक्कर मार दी। महिला मन्नत पूरी होने पर गांव से मंदिर तक पिंड भरते हुए जा रही थीं। घटना रविवार रात शीतला रोड सातऊ गांव की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया है। शेष घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। आंतरी के सांतऊ गांव निवासी नत्थो देवी (50) पत्नी सरनाम सिंह गुर्जर ने बेटे की शादी की मन्नत मांगी थी।













प्रशासन है मौन

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478